लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपना ध्यान स्वयं को परिष्कृत करने में केंद्रित करें। निरंतर सकारात्मक कर्म करते रहिए...

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

नये जमाने के साथ..

# यश भारत

● वर्ष- 17 अंक 195 ● कटनी ● गुरुवार, 17 अगस्त, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935



गदर की छप्पर-फाड़... पेज 7

### आज का मौसम

आज सुबह का तापमान
24डिग्री
दोपहर 12 बजे तक
28 डिग्री
बारिश के आसार

## करीब आ गई वो घड़ी, आखिरी चरण में चंद्रयान-3, आज है बड़ा नाजुक दिन


बेंगलूरू ● ईएमएस
yashbharat.co.in

चंद्रयान-3 मिशन आज अपने एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गया है। चंद्रयान अब चांद के और करीब पहुंच चुका है। चंद्रमा की सीमा में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी हो गई। अब चंद्रयान के प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर अलग होने के लिए तैयार हैं। यह चंद्रयान के लिए बेहद नाजुक मौका है। ऐसे में देशवासी दुआएं कर रहे हैं कि सब कुछ ठीक से हो। इसरो की तरफ से आज इन्हें अलग-अलग किया जाएगा। प्रॉपल्शन से अलग होने के बाद लैंडर की अपनी प्रारंभिक जांच होगी। इसरो का कहना है कि लैंडर में चार मुख्य थ्रस्टर्स हैं। ये लैंडर को चंद्रमा की सतह पर आसानी से उतरने में सक्षम बनाएंगे। साथ ही अन्य सेंसर का भी परीक्षण करने की आवश्यकता है।इसरो ने ट्वीट किया, आज की सफल फायरिंग (जो थोड़े समय के लिए आवश्यक थी) ने चंद्रयान-3 को चंद्रमा की 153 किमी × 163 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया। इसके साथ चांद की ओर बढ़ने के सभी प्रवेश चरण पूरे हुए। अब प्रोपल्शन और लैंडर मॉड्यूल (जिसमें लैंडर और रोवर शामिल हैं) के अलग होने की तैयारी है। बृहस्पतिवार को लैंडर और प्रोपल्शन मॉड्यूल अलग होंगे।

### इस तरह पहुंचा चांद के पास

14 जुलाई को श्रीहरिकोटा से रवाना होने के बाद चंद्रयान-3 ने तीन हफ्तों में कई चरणों को पार किया। पांच अगस्त को पहली बार चांद की कक्षा में दाखिल हुआ था। इसके बाद 6, 9 और 14 अगस्त को चंद्रयान-3 ने अलग-अलग चरण में प्रवेश किया। इसरो ने इन तीन हफ्तों में चंद्रयान-3 को पृथ्वी से बहुत दूर स्थित कक्षाओं में स्थापित किया।

### आज अलग होंगे लैंडर-प्रोपल्शन मॉड्यूल, 23 अगस्त को चांद पर उतरेगा



#### डीबूस्ट कर धीमी की जाएगी रफ्तार

इसरो सूत्रों के मुताबिक, अलग होने के बाद लैंडर को डीबूस्ट (धीमा करने की प्रि या) किया जाएगा, ताकि उसे एक कक्षा में स्थापित किया जा सके जहां से पेरिल्यून (चंद्रमा से निकटतम बिंदु) 30 किमी और अपोल्यून (चंद्रमा से सबसे दूर का बिंदु) 100 किमी दूर है। 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास होगा।

#### चंद्रयान-2 की गलती से लिया है सबक - सोमनाथ

इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि इस बार हम चंद्रयान-2 वाली गलती नहीं दोहराएंगे। लैंडिंग प्रि या की शुरुआत में वेग लगभग 1.68 किमी प्रति सेकंड है, लेकिन यह गति चंद्रमा की सतह के क्षैतिज है। यहां चंद्रयान-3 लगभग 90 डिग्री झुका हुआ है, इसे लंबवत होना है तो क्षैतिज से ऊर्ध्वाधर में बदलने की यह पूरी प्रि या गणितीय रूप से एक बहुत ही दिलचस्प गणना है। हमने बहुत सारे सिमुलेशन किए हैं। पिछली बार हमें यहीं पर समस्या हुई थी। सोमनाथ ने कहा, इसके अलावा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ईंधन की खपत कम हो, दूरी की गणना सही हो और सभी एल्गोरिदम ठीक से काम कर रहे हों।

### » न्यूज गैलरी

#### पहले हिंदू ही थे मुसलमान, हिंदू धर्म इस्लाम से भी पुराना: आजाद

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

पूर्व कांग्रेस नेता और डेमो टिव प्रोग्रेसिव पार्टी के प्रमुख व जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में गुलाम नबी आजाद जम्मू-कश्मीर के लोगों से कह रहे हैं कि हिंदू धर्म इस्लाम से पुराना है और सभी मुसलमान पहले हिंदू ही थे. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा गुलाम नबी आजाद का वीडियो जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले का है. गुलाम नबी आजाद 9 अगस्त को यहां भाषण देने पहुंचे थे. वीडियो में आजाद यह कहते हुए नजर आ रहे हैं, 'इस्लाम का जन्म 1500 साल पहले हुआ. भारत में कोई भी बाहरी नहीं है. हम सभी इस देश के हैं. भारत के मुसलमान मूल रूप से हिंदू थे. जो बाद में कनवर्ट हो गए.'इसके अलावा उन्होंने कहा, 'कश्मीर में 600 साल पहले केवल कश्मीरी पंडित थे, फिर कई लोग कनवर्ट होकर मुसलमान बन गए.

#### आरपीएफ कांस्टेबल चेतन सिंह चौधरी बर्खास्त, 6 साल पहले भी नफरत मामले में हुई थी जांच

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में एक सीनियर साथी और 3 यात्रियों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या करने वाले रेलवे सुरक्षा बल के कांस्टेबल चेतन सिंह चौधरी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जयपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में एक सीनियर साथी और 3 यात्रियों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या करने वाले रेलवे सुरक्षा बल के कांस्टेबल चेतन सिंह चौधरी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

#### तिरंगा यात्रा में बच्चों ने लगाए जय श्री राम के नारे, शिक्षक ने बच्चों को डंडे से पीटा

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

उज्जैन जिले की नागदा तहसील के मदर मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर निकाली गई तिरंगा यात्रा में कुछ छात्रों ने जय श्रीराम के नारे लगाए तो छात्रों की डंडों से पिटाई की गई। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि बच्चों द्वारा रैली में अनुशासनहीनता करने पर सख्ती की गई थी। इस मामले में नागदा पुलिस को की गई शिकायत में पीड़ित छात्र ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली जा रही थी। जय श्रीराम के नारे लगाने पर स्कूल की संचालिका मारिया शेखावत और एक शिक्षक ने बच्चों को डंडों से पीटा अपशब्द भी कहे। छात्र ने कहा कि शिक्षकों का कहना था कि जय श्रीराम के नारे लगाने की क्या जरूरत है। शिकायत के बाद पुलिस ने पांच बच्चों का मेडिकल कराया, मेडिकल में सभी बच्चों के हाथ और पैर पर मारपीट के निशान थे। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने स्कूल संचालिका एवं एक शिक्षक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

#### ताइवान पर चीन ने फिर अमेरिका को दिखाई आंखें, धमकी देकर कहा- आग से मत खेलो, वरना...

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

हाल के दिनों में ताइवान के उपराष्ट्रपति विलियम लाई ने अमेरिका का दौरा किया. चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू की तरफ से इसे लेकर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए रूस की धरती से अमेरिका और ताइवान को चेतावनी दी गई है. उन्होंने कहा कि यह दोनों देश आग से खेलने का प्रयास कर रहे हैं. चीन ताइवान को अपने देश का हिस्सा बताता रहा है. वहीं, ताइवान का मानना है कि वो एक आजाद मुल्क है. इस मुद्दे पर चीन पहले भी कई मौकों पर तल्ख तेवर दिखाता रहा है.सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने चीन के रक्षा मंत्रालय ली के हवाले से लिखा, 'चीन को नियंत्रित करने के लिए अमेरिका ताइवान का उपयोग कर रहा है. निश्चित रूप से वो इसमें विफल रहेंगे और ये ऐसे ही समाप्त हो जाएगा.' मास्को कांफ्रेंस ऑन इंटरनेशनल सिक्योरिटी में ली ने गीदड़ भभकी देते हुए दोहराया कि ताइवान को चीन की मुख्य भूमि से जोड़ना अनिवार्य है और इसे रोका नहीं जा सकता.ली शांगफू ने कहा, 'ताइवान का मसला चीन का आंतरिक मामला है।

## हिमाचल प्रदेश में कुदरत का कहर जारी चहुंओर तबाही, मकानों में दरारें, लोग भयभीत

### प्रकृति के रौद्र रूप के आगे बेबस जिंदगी, जीना हुआ मुहाल

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश और बाढ़ का दौर जारी है। मौसम विभाग ने दोनों राज्यों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश में तो कुदरत का कहर इस कदर बरपा है कि पर्यटन के लिए मशहूर इस राज्य की तस्वीर बदल गई है. अनेक जगह भूस्खलन से दर्जनों मकान तबाह हो गए. उफनाई नदियों ने घरों-कार्यालयों के साथ ही सड़कों और अन्य प्रतिष्ठानों को भी तबाह कर दिया. यहां तक कि विश्व धरोहर की सूची में शामिल कालका-शिमला रेल लाइन भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. प्रकृति के रौद्र रूप के आगे बेबस लोगों का जीना मुहाल हो गया है. अब मकानों में दरारें पड़ने लगी हैं, जिससे लोग दहशत में आ गए हैं. मकान में दरार आने की वजह से परिवारों को गुरुद्वारा में शरण लेना पड़ी है. वहीं, शिमला के ऊपरी इलाकों में भूस्खलन हुआ है. इससे शहरी विकास विभाग का कार्यालय खतरे में पड़ गया है. शहरी विकास निदेशालय को खाली करा लिया गया है। उपमंडल नालागढ़ में भी बारिश ने कहर बरपाया है. उपमंडल नालागढ़ के तहत पहाड़ी हलके में पिछले दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है. पहाड़ी हलके के लोगों के घर टूटने की कगार पर आ चुके हैं. ताजा मामला कुंडलू पंचायत का है, जहां पर एक मकान में दरारें उभर आई हैं. इससे इसके गिरने का खतरा बढ़ गया है. पिछले कई दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण मकान जगह-



जगह से टूट चुका है और अब गिरने की कगार पर आ चुका है. पीड़ित परिवार की मदद के लिए पूरे गांव के लोग एकत्रित होकर आगे आए. पीड़ित परिवार के घर का जरूरी सामान गुरुद्वारा साहिब में शिफ्ट करवा दिया गया है. पीड़ित परिवार भी गुरुद्वारा साहिब में रहने को मजबूर है. पीड़ित परिवार के सदस्यों ने सरकार और प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

#### वायु सेना ने 780 से ज्यादा लोगों को बचाया

उधर, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में बाढ़ के हालत बने हैं। वायु सेना ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में 780 से ज्यादा लोगों को बचाया है। भारतीय वायु सेना के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पश्चिमी वायु कमान के हेलिकॉप्टरों ने पिछले 48 घंटों में 50 से ज्यादा उड़ानें भरीं हैं। इस दौरान हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में 780 से अधिक नागरिकों को बचाया गया। कांगड़ा जिले के फ़तेहपुर उप-मंडल में चल रहे राहत और बचाव कार्यों पर कांगड़ा के उपायुक्त निपुण जिंदल ने बताया कि 15 अगस्त को कुल 800 फंसे हुए नागरिकों को बचाया गया था। एनडीआरएफ, भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना का बचाव अभियान जारी है। गए लोगों के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं।

#### लगातार बारिश से जगह-जगह भूस्खलन

नालागढ़ के तहत पहाड़ी हलके में पिछले दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है. पहाड़ी हलके के लोगों के घर टूटने की कगार पर पहुंच चुके हैं. इस बार के मानसूनी सीजन में प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाया है. लगातार मूसलाधार बारिश से पहाड़ी राज्य के लोगों का जीना मुहाल कर दिया है. सड़क से लेकर मकान और कार्यालय तक तबाह हो चुके हैं. दर्जनों की संख्या में लोगों की जान गई है. फिलहाल बारिश से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है.

#### शहरी विकास निदेशायल के ऑफिस पर खतरा

शिमला के टोलेंड स्थित अर्बन डेवलपमेंट निदेशालय को खाली कराया गया है. निदेशायल के ठीक ऊपर भूस्खलन हुआ है, जिसके चलते इसे खाली करा लिया गया है, ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न घटे. शिमला के टोलेंड स्थित अर्बन डेवलपमेंट डायरेक्टोरेट का कार्यालय खतरे के निशान पर आ गया है।

## भाजपा ने मप्र-छग चुनावों के लिए रणनीति में बदलाव के दिये संकेत



नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी चुनावों में लिए अपनी रणनीति में बदलाव के संकेत दिये हैं. बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की कुछ विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा जल्द करने की संभावना है. दरअसल, बीजेपी को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में देर से उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने से सियासी नुकसान हुआ था. अब भाजपा नहीं चाहती कि वह इस गलती को दोहराए. यही वजह है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा पहले हो सकती है।

#### 4 कैटेगरी में बांटी सीट

केंद्रीय चुनाव समिति में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की B,C,D कैटेगरी की सीटों पर विस्तार से चर्चा हुई. छत्तीसगढ़ में B और ष्ट कैटेगरी की 22 सीटों और ष्ठ कैटेगरी की 5 सीटों पर चुनावी रणनीति के बाबत चर्चा हुई. विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चार कैटेगरी यानि A,B,C,D कैटगरी में सीटों को बांटा गया है। चुनाव समिति की बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, संगठन मंत्री बीएल संतोष, अमित शाह और बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ मुलाकात लगभग घंटे भर चली. बता दें कि अभी तक मध्य प्रदेश और छत्तीगढ़ के लिए विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान अभी तक नहीं हुआ है. इससे पहले ही बीजेपी ही इस बैठक का होना काफी मायने रखता है।

#### साल के अंत में चुनाव

ये बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इस साल के अंत तक यानी नवंबर-दिसंबर में पांच राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होने की उम्मीद है। इनमें से छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना विपक्ष शासित राज्य हैं और बीजेपी यहां जीत के लिए पूरी कोशिश करेगी। उधर, मध्य प्रदेश में भी जीत आसान नहीं दिख रही। इसके कुछ ही महीनों बाद लोकसभा चुनाव भी होने वाले हैं। ऐसे में अगर विधानसभा चुनावों में विपक्ष को जीत मिली, तो इसका असर लोकसभा चुनावों पर भी इसका असर दिख सकता है।

#### मोदी कैबिनेट में मंत्री पद का ऑफर नहीं मिला : शरद पवार

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में इस बात पर सियासी घमासान छिड़ा है कि शरद पवार के मन में क्या चल रहा है? क्या वे एनडीए के साथ जा सकते हैं या पूरी तरह से विपक्ष के साथ हैं? इसी म में उनके मोदी कैबिनेट में शामिल होने का मुद्दा भी उठा। अब खुद शरद पवार ने इस पर से पर्दा उठाने की कोशिश की है। शरद पवार ने साफ कर दिया है कि उन्हें मोदी कैबिनेट में शामिल होने का कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

### लोकसभा चुनाव :कांग्रेस ने आप के साथ गठबंधन पर नहीं खोले पत्ते, दिल्ली को लेकर शीर्ष नेताओं ने बनाई रणनीति

कांग्रेस ने दिल्ली में बूथ स्तर तक संगठन मजूबत करने के लिए अभियान चलाने का फैसला लिया है। पार्टी उदयपुर नवसंकल्प शिविर के प्रस्ताव के अनुसार संगठन का विस्तार कर जनता से संवाद करेगी। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में लोकसभा चुनाव 2024 में दिल्ली की तैयारी को लेकर बैठक की। बैठक में आम आदमी पार्टी के साथ संभावित गठजोड़ के अलावा दिल्ली में पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा की गई। हालांकि, आप के साथ गठबंधन करने पर किसी भी नेता ने खुलासा नहीं किया। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, लोकसभा को ध्यान में रखकर दिल्ली कांग्रेस के नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया गया।

## मणिपुर हिंसा मामले में CBI की जांच तेज

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर हिंसा मामलों की जांच के लिए बुधवार को विभिन्न रैंक की 29 महिला अधिकारियों सहित 53 अधिकारियों को तैनात किया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि तीन उप महानिरीक्षक रैंक के अधिकारी राज्य में हिंसा के मामलों की जांच के लिए अपनी-अपनी टीम का नेतृत्व करेंगे, जिनमें महिला अधिकारी लवली कटियार और निर्मला देवी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी संयुक्त निदेशक घनश्याम उपाध्याय को रिपोर्ट करेंगे जो विभिन्न मामलों में जांच की निगरानी करेंगे. तीन मई को राज्य में पहली बार जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 160 से अधिक लोग मारे गए हैं, और कई सौ लोग घायल हुए हैं. बहुसंख्यक मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किये जाने के दौरान यह हिंसा भड़की थी। मणिपुर की कुल आबादी में मेइती समुदाय के लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी नगा और कुकी समुदाय के लोगों की संख्या 40 प्रतिशत है और वे ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

**29 महिला सहित 53 अधिकारी तैनात, 17 FIR की होगी जांच**

### जबलपुर के अंकित ने बढ़ाया देश का मान

## अब यूरोप के सबसे ऊंचे शिखर पर फहराया तिरंगा



जबलपुर ● यशभारत
yashbharat.co.in

हर किसी का सपना होता है वो कुछ ऐसा करें कि उसे देश दुनिया में याद किया जाए। कुछ इस तरह के जज्बातों को लेकर इन दिनों मध्यप्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर का माउंटेनमैन नित नए रिकार्ड बना रहा है। हिमालय माउंट जोगिन फिर माउंट युनाम फिर माउंट किलिमंजारो और अब माउंट एलब्रूस में तिरंगा झंडा फहराकर मध्यप्रदेश के अंकित ना सिर्फ जबलपुर बल्कि एमपी का नाम भी रोशन कर रहे है। 15 अगस्त 2023 को अंकित ने माउंट एलब्रूस में तिरंगा ध्वज लहराकर मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। जबलपुर के अंकित का अब अगला लक्ष्य माउंट एवरेस्ट की चोटी पर जाकर देश का तिरंगा ध्वज लहराने का है।जबलपुर के पाटन विधानसभा की एक के छोटे से गांव पडरिया का रहने वाला 24 वर्षीय अंकित सेन आज माउंटेन मैन के नाम से जाना जाता है। अंकित बेहद ही सामान्य परिवार से आता है। बीकॉम तक की पढ़ाई करने वाले अंकित का सपना है कि वह पुलिस में एक बड़ा अधिकारी बने। अंकित के पिता मजदूरी करते हैं। परिवार के पास इतने पैसे नही है कि वह अंकित की जरूरतो को पूरा कर सके। इसलिए अंकित जॉब माउंटेन की प्रेक्टिस भी करते है। अंकित का सपना है कि वह कुशल पर्वतारोही बने। जबलपुर के माउंटेन मैन अंकित सेन ने 2014 से पर्वतारोही कर रहें है, इस दौरान उन्होंने उन्होंने विभिन्न उपलब्धियां भी प्राप्त की हैं।

## खचाखच भरी थी नाव, अचानक मझधार में फंसी, फिर समंदर में समा गईं 60 से अधिक जिंदगियां

केप वर्डे ● एजेंसी
yashbharat.co.in

अफ्रीकी देश के केप वर्डे के पास एक नाव पलटने से बड़ा हादसा हुआ है. अल जजीरा ने इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि केप वर्डे के पास एक नाव पलटने से 60 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है, वहीं 38 अन्य को बचा लिया गया है. आईओएम ने बुधवार को कहा, 'ऐसा माना जाता है कि यह नाव जुलाई में सेनेगल से रवाना हुई थी जो प्रविसियों से भरी हुई थी.' पश्चिम अफ्रीकी तट से लगभग 620 किमी (385 मील) दूर एक द्वीप राष्ट्र केप वर्डे में मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मछली पकड़ने वाली नाव एक महीने पहले सेनेगल से रवाना हुई थी. अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, सेनेगल के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार देर रात कहा कि गिनी-बिसाऊ के एक नागरिक सहित 38 लोगों को नाव से बचाया गया. तट रक्षक ने कहा कि जीवित बचे लोगों और मृतकों की कुल संख्या 48 थी. स्थानीय मुर्दाघर में 7 शव मिले हैं।

## दिल्ली से फ्रैंकफर्ट जा रही विस्तारा फ्लाइट में हॉट चॉकलेट से झुलसी बच्ची

### एयरलाइंस उठाएगी इलाज का पूरा खर्च

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

11 अगस्त को एयर विस्तारा की उड़ान से दिल्ली से फ्रैंकफर्ट जा रही एक 10 साल की बच्ची के लिए फ्लाइट में एक कप हॉट चॉकलेट का ऑर्डर करना काफी महंगा पड़ा. जानकारी के अनुसार एक केबिन क्रू मेंबर द्वारा गलती से चॉकलेट बच्ची के ऊपर गिर गई. घटना में कथित तौर पर बच्ची का बायां पैर काफी अधिक जल गया। 3 मिनट में 15 हजार फीट नीचे गिरा विमान, यात्रियों में मच गई चीख पुकार, यात्री ने बयां किया भयानक अनुभव 3 मिनट में 15 हजार फीट नीचे गिरा विमान, यात्रियों में मच गई चीख पुकार, यात्री ने बयां किया भयानक अनुभव गो फर्स्ट मामले में एनसीएलटी ने विमान पट्टे पर देने वालों की याचिकाएं खारिज की। घटना को लेकर पीड़ित बच्ची की मां रचना गुप्ता ने विस्तारा एयरलाइंस पर गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने आरोप लगाया है कि इस घटना के कारण उनकी लिस्बन की कनेक्टिंग फ्लाइट छूट गई.गुप्ता ने कहा कि हालांकि एक पैरामेडिक ने तारा को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया और एयरलाइन ने उनके लिए एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की, लेकिन उन्हें माफी नहीं मिली और उन्हें उच्च चिकित्सा लागत का भुगतान स्वयं करना पड़ा।

अमृत महोत्सव

मुख्यमंत्री ने अपने विद्यार्थी जीवन की यादें की ताजा

## जीवन में कुछ बेहतर और बड़ा करने का लक्ष्य रखें : चौहान

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहाँ शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव 2023 में महाविद्यालय का अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने और विदयार्थियों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोलने की घोषणा की। श्री चौहान ने कहा कि भवन निर्माण के स्थान के निर्धारण के बाद एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी किए जाएंगे। पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे और कलेक्टर भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से समन्वय कर इन कार्यों को पूरा कराया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अमृत महोत्सव 2023 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष यह विकल्प होता है कि वह या तो सामान्य जीवन जिये या देश और समाज के लिए बेहतर कार्य कर महान बनने का प्रयास करे। औरों के लिए जीना उपयोगी जीवन है। जीता वही है जो देश और समाज के लिए जीता है। स्वामी विवेकानंद ने यही प्रेरणा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सीनियर होने के नाते अपने जूनियर्स को यही संदेश देना चाहता हूँ कि जीवन में कुछ बड़ा और बेहतर करने की सोचें।



### विद्यार्थी जीवन की यादों में खो गए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कॉलेज में सभी प्रेम से मिलते हैं। आज इस महाविद्यालय के परिसर में आकर अनेक यादें ताजा हो रही हैं। ऐसा लगता है दौड़ कर जाएं और दोस्तों से गले लग जाएं। श्री चौहान ने बताया वे साइकिल से कॉलेज जाते थे। पहले सेफिया कॉलेज जाते थे बाद में हमीदिया। इस महाविद्यालय से अनेक हस्तियां निकली हैं, जिनमें भारत के राष्ट्रपति रहे डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने डॉ. शर्मा को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय से बाबूलाल गौर, कैलाश सारंग, लक्ष्मीनारायण शर्मा, श्रीमती नजमा हेपतुल्ला, के.एन. प्रधान, ओ.एन. श्रीवास्तव, जस्टिस फैजानुद्दीन, हसनात सिद्दीकी जैसी हस्तियां पढ़कर निकली।

### साथियों की फरमाइश पर सुनाया गीत

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संबोधन के प्रारंभ में गीत भी सुनाया च्अहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तों, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों...। मुख्यमंत्री चौहान ने पूर्व विद्यार्थियों और साथियों की फरमाइश पर - च्नदिया चले, चले रे धारा, तुझको चलना होगा... गीत भी सुनाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उन्हें भेंट किया गया वर्ष 1978 का फोटो भी देखा और यादें ताजा कीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्री रमेश शर्मा च्गुट्टू भैयाज को भी याद किया। न्यू मार्केट में समता चौक और लिटिल कॉफी हाउस में मित्रों के साथ मिलने-जुलने और चर्चा के दौर चलते थे।

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में रॉबर्ट वाड्रा की बढ़ेंगी मुश्किलें

## हाईकोर्ट में ED ने जमानत को चुनौती तो अदालत ने क्या कहा

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा को एक मनीलॉन्ड्रिंग मामले में दी गई अग्रिम जमानत को बुधवार को हाई कोर्ट में चुनौती दी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जमानत शर्तों का पालन नहीं किए जाने का दावा किया। ईडी के वकील ने कहा कि वह एक अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करेंगे। इसमें यह दर्शाया जाएगा कि वाड्रा ने जमानत शर्तों का उल्लंघन किया है। उन्होंने इसे अदालत के समक्ष रखने के लिए कुछ समय मांगा। जस्टिस धीर कुमार जैन ने ईडी को अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। मामले में अगली सुनवाई सितंबर में होगी।

#### वाड्रा पर क्या हैं आरोप?

इससे पहले, ईडी ने हाई कोर्ट से कहा था कि वह वाड्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ करना चाहती है। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि मामले में टपैसे के लेन-देन की कड़ीट सीधे तौर पर उनसे जुड़ी हुई है। उसने यह भी दावा किया था कि वाड्राजांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। वाड्रा पर लंदन में 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर पर करीब 19 लाख पाउंड (17 करोड़ रुपये से अधिक) की एक संपत्ति की खरीद में धनशोधन का आरोप है। इस मामले की जांच धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है।

» न्यूज गैलरी



### विधायक संजय पाठक ने शोकाकुल परिवार से किया दुख साझा

**कटनी, यशभारत।** विगत दिनों वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर सुभाष ग्रोवर के अनुज अविनाश ग्रोवर का देवलोक गमन हुआ था, साथ ही राजा ग्रोवर एवं गुलशन ग्रोवर की अनुज वधु का दुखद निधन, इंटक के जनरल सेक्रेटरी पंकज पीढ़िया एवं बी.एम.एस. के महामंत्री मुकेश गौतम के घर पर पहुंच कर श्री पाठक उन सभी शोकाकुल परिवारों के साथ खड़े नजर आए दिवंगतों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्री पाठक ने कहा कि परिवार, रिश्तेदारों व समाज को उनकी कमी सदैव खलेगी। इस दौरान पित्रेष पांडेय के पिता डॉक्टर के.के.पांडेय, एवं इंटक अध्यक्ष अनिल मौर्या के स्वास्थ्य की भी उनके निज निवास पहुंच कर तबीयत का हाल जाना तथा स्वास्थ्य लाभ एवं दीर्घायु की कामना की।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**कटनी, यशभारत।** घर में सो रहे युवक की बीती रात सर्प काटने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धनवाही खुर्द थाना अमदरा निवासी 38 वर्षीय प्रेमलाल पिता बाबू लाल रजक घर में पलंग पर सो रहा था। देर रात लगभग 3 बजे जहरीले सर्प ने काट लिया, जिसे परिजनों ने जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### कसौधन वैश्य धर्मशाला गांधी गंज में ध्वजारोहण

**कटनी,यशभारत।** कसौधन वैश्य समाज द्वारा आजादी की 77 वीं



वर्षगांठ पर 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे कसौधन वैश्य धर्मशाला गांधी गंज में समाज के अध्यक्ष दर्शन गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगीत का गायन किया गया। समाज को अग्रसर करने हेतु अपने-अपने विचार रखे गए। इसी तारतम्य में नवयुवक मंडल द्वारा धर्मशाला में एक पेटिका की व्यवस्था गई। जिन सामाजिक बंधुओं द्वारा स्वेच्छानुसर समाज के उत्थान के लिए 1260 रूपये की राशि डाली गई। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस विशेष दिन को और भी अधिक गौरवशाली बनाने में कसौधन वैश्य समाज के समाज के नव यूवक मंडल की विशेष भूमिका रही है। इस तारतम्य में समाज के अध्यक्ष दर्शन गुप्ता एवं नव युवक मंडल अध्यक्ष प्रियदर्शन गुप्ता, नारायण प्रसाद गुप्ता, राजा गुप्ता, जगदीश गुप्ता, अरविंद गुप्ता, संतोष गुप्ता, रज्जू गुप्ता, सुरेश गुप्ता, गणेश गुप्ता देवकरण गुप्ता, कपिल गुप्ता, दुलीचंद समाज की उपस्थिति रही।

# छात्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की व्यवस्था करना मेरा लक्ष्य: संजय पाठक

## विगढ़ में 3 करोड़ 56 लाख रुपयों के विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन

**कटनी, यशभारत।** नगर परिषद विजयराघवगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक संजय पाठक ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 3 करोड़ 56 लाख रुपयों के विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन किया । वि.गढ़ में विकास के सभी बड़े काम हो रहें है पूरे, इसमें कर्मयोगी पं सत्येन्द्र पाठक ने नाम पर 1 करोड़ 86 लाख की लागत से निर्मित बस स्टैंड का लोकार्पण भी शामिल रहा। इसके पूर्व भारत माता के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन के बाद भूमि पूजन और लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।





### नव निर्मित बस स्टैंड का किया शुभारंभ, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

भूमिपूजन और लोकार्पण के उपरांत फीता काटकर श्री पाठक ने नवनिर्मित बस स्टैंड का शुभारंभ किया। इसी तारतम्य में क्षेत्र के मेधावी छात्र छात्राओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों और पत्रकारों का नगर परिषद की ओर से विधायक श्री पाठक द्वारा शाल श्रीफल प्रस्ती पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

### कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा बड़बोले पन के अलावा कुछ नहीं

श्री पाठक ने कहा मैं सेवा के लिए प्रधान सेवक बना हूं और मैं वचन देता हूं की आखिरी सांसों तक जनता की सेवा करता रहूंगा। विधायक ने कांग्रेस के रणदीप सुर्जेबाला द्वारा भाजपा को वोट देने वाली जनता को राक्षस कहे जाने की भर्त्सना की। कांग्रेस की नीतियों की आलोचना करते हुए विधायक ने कहा की जब कोरोना काल में जब जनता संकट से जूझ रही थी तब कांग्रेस के नेता कहां छिपे थे।श्री पाठक ने कहा कांग्रेस में बड़बोले पन के अलावा कुछ नहीं है। विजयराघवगढ़ विधानसभा में पिछले सालों में मूलभूत विकास के जो भी कार्य हो सकते है सभी कार्य या तो पूर्ण हो चुके है या स्वीकृति के पश्चात निर्माण प्रारंभ होने की प्रक्रिया में है। पर क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास तभी संभव है जब क्षेत्र के युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छे अंक लाकर देश में विजयराघवगढ़ का नाम रोशन करें आज भी कुछ युवा आईएएस जैसी परीक्षाओं में चयनित हो रहें है मैं चाहता हूं अधिक से अधिक ऐसे युवा शक्ति निकले इसके लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी के लिए कोचिंग योजना कार्यक्रम के दौरान रामनारायण गुड्डा सोनी,जयवंत सिंह चौहान, विनोद मिश्रा, इंजी.नवाब खान, नगर परिषद अध्यक्ष वसुधा मिश्रा ने भी उपस्थित जन समुदाय को संबोधित किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष वसुधा मिश्रा, उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, कैमोर नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष केवट, जनपद अध्यक्ष सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, मंडलगण अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा, जयवंत सिंह चौहान, अंकुर ग्रोवर, इंजी.नवाब खान,नगर परिषद के पार्षदगण जनप्रतिनिधियों के अलावा सीएमओ रामावतार पटेल, नगर परिषद का समस्त स्टॉफ व आम नागरिक मौजूद थे। संचालन जनपद उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान ने किया।





# प्रसिद्ध गायक निशी व गिरीश के सिंधी भजनों ने समा बांधा

## अखंड भारत सिंधु स्मृति दिवस उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** सिंधी साहित्य अकादमी भोपाल द्वारा सिंधु नौजवान मंडल के सहयोग से अखंड भारत सिंधु स्मृति दिवस व भगवान श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव के उपलक्ष में सिंध भी मुहंजी आह सिंधी व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन व भंडारा 13 अगस्त रविवार को सिंधु मंगलम धर्मशाला नई बस्ती में किया गया। कार्यक्रम का आगाज भगवान श्री झूलेलाल जी की आरती से हुआ कार्यक्रम में मशहूर गायिका निशी धामेचा भोपाल व गिरीश कृपलानी कोटा राजस्थान से आए गायक के सिंधी भजनों ने समा बांध दिया साथ ही इंदौर से पधारे हरेशकुमार सहवानी द्वारा भगवान श्री झूलेलाल जी के ऊपर शानदार व्याख्यान किया गया इस कार्यक्रम के दौरान अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त कटनी विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पीतांबर टोपनानी, कांग्रेस उपाध्यक्ष झम्मटमल ठारवानी,भाजपा उपाध्यक्ष चेतन हिंदुजा, उद्योगपति दर्शन लाल गेई, सिंधु सेवा समिति अध्यक्ष राजकुमार नानकानी, सिंधी साहित्य अकादमी कार्यक्रम प्रभारी परसराम मिरचंदानी, चंद्रभान रोहरा,राजकुमार रोहरा,हीरा सहजवानी, मनीष गेई,प्रेम बत्रा,संजय संगतानी,शंकर मोटवानी,राजेश भास्कर के साथ-साथ झूलेलाल सेवा मंडल माधवनगर,भारतीय सिंधु सभा,झूलेलाल सेवा समिति शांतीनगर, झूलेलाल चालिया समिति, वरुण संस्था, सिंधी भावर ग्रुप, सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, वरुण महिला मंडल, आदर्श सिंधु सोसायटी आदि सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी,सदस्यों व बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थापकोमें सिंधु नौजवान मंडल से चंदूलाल जादवानी, कन्हैया लाल सागर, विजय रोहरा, मनोहर गलानी,जय कुमार राम सिंघानी, राजकुमार जीवनानी, अशोक चेलानी, ईश्वर वाधवानी,संजय जीवनानी,रवि पृथ्यानी,अमर पुरस्वानी, सुनील प्रथ्यानी, राम तख्तानी,श्रीचंद तनवानी, राजेश रोहरा, टेकचंद साहनी,मनीष जीवनानी, राजकुमार पोहानी, विनय जादवानी, सुरेश चावला, विजय हिंदूजा, विजय मूलचंदानी, दिपक भागवानी, आदि सदस्यों की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन जोधाराम जयसिंघानी द्वारा किया गया।



# कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम तो कहीं जनसेवा के कार्य: यूं मना आजादी का पर्व






### अमृत महोत्सव में 77 वां स्वतंत्रता दिवस पर सुदर्शना का रंगारंग कार्यक्रम

महिला बाल विकास एवं समाज सेवा को समर्पित संस्था सुदर्शना परिवार द्वारा भार्गव परिसर में धूमधाम से मनाया गया। तिरंगा थीम में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया । आयोजन स्थल की सज्जा तिरँगा थीम पर तिरंगे परिधानों में सजी सुदर्शनाओं ने राष्ट्रीय देशभक्ति गीतों पर देर तक झूम -झूम के नृत्य किया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि डॉ प्रतिमा रमन और अध्यक्ष सुश्री मीरा भार्गव थी। इस कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती आशा कोहली, अलका सरावगी सुनीता चौदहा,रंजना बहरे, प्रभा बरसैन्या, दीपाली गुप्ता, किटी गुप्ता ,विनीता गुप्ता, तनु गुप्ता, पूनम गुप्ता दीपशिखा शिवहरे, रंजना गर्ग थी । प्रकृति के सुरम्य सानिध्य में तिरँगे झंडे हाथ मे लेकर तिरँगे परिधानों में सजी सुदर्शनाओं ने देशभक्ति गीतों पर जम कर नृत्य किया। इस कार्यक्रम में विशेष उपस्तिथि, मीना शर्मा, महिमा अग्रवाल, रूबी बरसैन्या, शोभा अग्रवाल, शांति तिवारी, अलका अग्रवाल, शांति शर्मा ,अनुपमा भार्गव ,ममता भार्गव, प्रिया भार्गव, श्वेता भार्गव, ऋचा गेलानी, संगीता जैन, सीमा जैन, निशि जैन, आकांक्षा बरसैंया, हनी शिवहरे, रश्मि कनकने, सुनीता कनकने, रजनी कनकने, रीना कुचिया, अनीता सिजारिया, रोशनी टीपा आदि की विशेष उपस्तिथि रही ।

### स्वतंत्रता दिवस पर दृढोमर वैश्य समाज धर्मशाला कटनी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया



समाज की संरक्षिका एवं पूर्व विधायक श्रीमती सरोज बच्चन नायक द्वारा एवं स्वाजातीय बंधुओं की उपस्थिति में किया गया ध्वजारोहण। ध्वजारोहण कार्यक्रम में गिरजा शंकर गुप्ता देवेंद्र नायक गुलाब प्रसाद गुप्ताराजेंद्र प्रसाद नायक महेंद्र नायक संतोष नायक श्री विजय गुप्ता गोपाल नायक अतुल गुप्ता विपिन गुप्ता राजकुमार नायक पीयूष गुप्ता सुरेंद्र नायक प्रभात नायक अनूप नायक अरुण नायक नवनीत गुप्ता श्री उदय गुप्ता राम किशोर गुप्ता एवम महिला पदाधिकारियों मे श्रीमती अमिता गुप्ता श्रीमती पूजा नायक श्रीमती वंदना गुप्ता उपस्थित रहे। सभी स्वजातीय जनों ने राष्ट्रगान का गायन किया उसके पश्चात राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और मिष्ठान्न वितरण करते हुए स्वतंत्रता दिवस की एक दूसरे को बधाई दी गई।

### अनामिका एकेडमी में बच्चों ने प्रस्तुत किया हुनर

गत 15 अगस्त को अनामिका एकेडमी, दुर्गा चौक, खिरहनी में स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण कार्यक्रम उपरांत मुख्य आकर्षण शाला का अलंकरण समारोह रहा। विभिन्न गणमान्यजनों की गौरवमयी उपस्थिति के साथ अरुण पाल सिंह (थाना प्रभारी, बिलहरी) के मुख्य आतिथ्य अतिथि मानद प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी अक्षत खम्पारिया रहे जिन्होंने अपनी सफलता और दृढ़ संकल्प की यात्रा को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शुक्ला, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री व शाला सलाहकार समिति सदस्य अम्बरीष अम्बू वर्मा, ओम विश्वकर्मा जी, ममता विश्वकर्मा एवं शाला समिति सचिव विनीत बाजपेई जी की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। एकेडमी प्राचार्य अनामिका बाजपेयी मिश्रा के कुशल निर्देशन में अलंकरण समारोह में एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित करते हुए उत्कृष्ट छात्रों अर्जिता पटेल - स्कूल कप्तान, कौस्तुभी वर्मा - स्कूल उप कप्तान एवम सात्विक भार्गव, साक्षी बालानी, शिव अहिरवार व वसुन्धरा गर्ग को एकेडमी के मुख्य नेतृत्व पदों पर चयनित किया गया। शाला पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा का मुख्य आकर्षण रहा। इस शानदार आयोजन में प्राचार्य श्रीमती बाजपेयी ने समस्त उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों, बच्चों व शिक्षक परिवार के प्रति अपना आत्मीय आभार व्यक्त किया।

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज 11 अगस्त से रोजाना 4 शो
ओएमजी-2



09.30 AM (AUDI-2)
03.45 PM (AUDI-2)
06.35 PM (AUDI-2)
09.45 PM (AUDI-2)
कलाकार- अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम, पवन मल्होत्रा, अरूण गोविल आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Tickets Available on Book My Show

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज 11 अगस्त से रोजाना 9 शो
गदर-2



09.00 AM (AUDI-1)
12.15 PM (AUDI-1)
12.30 PM (AUDI-2)
12.45 PM (AUDI-3)
03.30 PM (AUDI-1)
06.45 PM (AUDI-1)
07.15 PM (AUDI-3)
10.00 PM (AUDI-3)
10.15 PM (AUDI-3)
कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा, सिमरत कौर आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830
Tickets Available on Book My Show

# केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजन




**कटनी,यशभारत।** केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। भारत का विभाजन अभूतपूर्व मानव विस्थापन और मजबूरी में पलायन की दर्दनाक कहानी हैए यह एक ऐसी कहानी है। जिसमें लाखों लोग अजनबियों के बीच एकदम विपरीत वातावरण में नया आशियाना तलाश कर रहे थे। विश्वास और धार्मिक आधार पर एक हिंसक विभाजन की कहानी होने के अतिरिक्त इस बात की भी कहानी है कि कैसे एक जीवन शैली तथा वर्षों पुराने सह अस्तित्व का युग अचानक और नाटकीय रूप से समाप्त हो गया। लगभग साठ लाख गैर मुसलमान उस क्षेत्र से निकल आए एजो बाद में पश्चिमी पाकिस्तान बन गया। पैसठ लाख मुसलमान पंजाब, दिल्ली आदि के भारतीय हिस्सों से पश्चिमी पाकिस्तान चले गए थे । बीस लाख गैर मुसलमान पूर्वी बंगाल जो बाद में पूर्वी पाकिस्तान बना एसे निकलकर पश्चिम बंगाल आए । 1950 में बीस लाख और गैर मुसलमान पश्चिम बंगाल आए। 10 लाख मुसलमान पश्चिम बंगाल से पूर्वी पाकिस्तान चले गए थे। इस विभीषिका में मारे गए लोगों का आंकड़ा पांच लाख बताया जाता है। लेकिन अनुमानतः यह आंकड़ा 5 से 10 लाख के बीच है। इस विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि दीपक टंडन भाजपा जिलाध्यक्ष, सुरेश कुमार सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, विशिष्ट अतिथि आर एन सिंह प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय एनकेजे कटनी की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया। दीपक टंडन ने फीता कटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार सोनी ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि श्री टंडन ने मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना से प्रेरित अपने उद्बोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भारत मां के प्रति समर्पण की भावना से अवगत कराया। प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार सोनी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को विभाजन विभीषिका के संबंध में अवगत कराया। जीके तिवारी ने मंच संचालन का कार्य कियाए डॉक्टर चित्रा चतुर्वेदी ने सभी आगंतुक अतिथियों को आभार प्रगट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। अमित सोनी ने समस्त कार्यक्रम को संपूर्ण करने में सहयोग प्रदान किया। विद्यालय के सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान किया।

» न्यूज गैलरी

## स्लीमनाबाद के कई गांवों में खराब पड़े ट्रांसफार्मर

### शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा सुधार कार्य

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में कई गांवों में विद्युत ट्रांसफार्मर खराब पड़े हुए हैं, जिससे ग्रामीणजन परेशान हैं। बिजली की समस्या है। तहसील क्षेत्र में कहीं घरेलू तो कही कृषि ट्रांसफार्मर खराब पड़े है, लेकिन उनका सुधारकार्य करवाने विद्युत विभाग कोई रुचि नही दिखा रहा। जिससे गांवों में स्थिति विकराल उत्पन्न हो रही है। विगत दिवस बड़खेड़ा भरदा, खिरहनी, सलैया फाटक, डहुली व हरदुआ के किसान व ग्रामीण विद्युत समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी के पास पहुंचे। जहां जिला पंचायत सदस्य ने किसानों व ग्रामीणों के साथ स्लीमनाबाद सहायक अभियंता कार्यालय पहुंचे। जहां किसानों व ग्रामीणों की विद्युत समस्या को लेकर सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ग्राम खिरहनी, बड़खेड़ा भरदा व डहुली के किसानों ने बताया कि वर्तमान में बारिश नही हो रही है जिससे धान की फसल भी सूखने की कगार पर है। कृषि ट्रांसफार्मर खराब पड़े हुए हैं, जिसका सुधारकार्य नही किया जा रहा है। जिससे सिंचाई न होने के कारण खेतं में दरारें दिखने लगी है। वही कृषि कार्य के लिए मिलने वाली 10 घंटे बिजली भी पर्याप्त समयावधि अनुसार नही दी जा रही है। 10 घंटे की बिजली आपूर्ति में महज 4 से 5 घंटे ही बिजली मिलती हैए बाकी लगातार अघोषित कटौती की जाती हैए जिससे फसल में सिंचाई नही हो पा रही। किसान दिन व रात खेतों में मेहनत कर रहा है कि जिससे फसल पक जाए ओर उसकी आर्थिक स्थिति ठीक हो जाये। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत सलैया फाटक के ग्रामीण फूलचंद पटेल, राजाराम कुशवाहा, हुकुमचंद कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा ने बताया कि गांव मे दो माह से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। शिकायत के बाबजूद भी विद्युत विभाग के द्वारा सुधार कार्य नही कराया जा रहा है। जिससे अंधेरे में रहने ग्रामीणों को मजबूर होना पड़ रहा है। वर्षा काल का समय चल रहा है। रात्रि के समय जहरीले जीव जंतुओंए कीड़ेए मकोड़े निकलने का डर सता रहा है। वही बच्चों की पढ़ाई व्यवस्था भी प्रभावित होती है।

#### इनका कहना है

विद्युत उप संभाग स्लीमनाबाद के सहायक अभियंता कृष्ण मोहन ने बताया कि जिन गांवों के ग्रामीण व किसान बुधवार को ट्रांसफार्मर समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपने आये थे। उन गांवों के उपभोक्ताओं के द्वारा बिजली बिल जमा नहीं किया जा रहा है। जिस कारण ट्रांसफार्मर बदलवाने में समस्या आ रही है।

# प्रारंभिक शिक्षा की रैंकिंग में सुधार, अग्रणी जिलों में शामिल कटनी

## प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में मिली 13वी रैंकिंग, पिछले साल 32वे नंबर पर था कटनी जिला

**कटनी, यशभारत।** जिले के शैक्षणिक स्तर में किए जा रहे सुधार का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही मॉनीटरिंग, समीक्षा बैठकों और स्कूलों के निरंतर भ्रमण के अब सार्थक और सुखद नतीजे परिलक्षित होने लगे हैं। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रारंभिक शिक्षा कक्षा एक से आठवी से संबंधित हाल ही में जारी प्रदेश के सभी 52 जिलों की रैंकिंग में कटनी जिला प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हैं। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में जहां कटनी जिला प्रदेश भर में 32 वें पायदान पर था, वहीं जिले ने अपनी पिछली रैंकिंग में 19 स्थान का सुधार कर शैक्षणिक सत्र 2022-23 में ऊंची छलांग लगाकर पूरे प्रदेश में 13वीं रैंक हासिल किया है।

यश भारत
खबर का असर

### समग्र शिक्षा योजना, शैक्षणिक गुणवत्ता व कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के आधार पर मिली सफलता



विभागीय प्राथमिकताओं तथा गणना प्रणाली के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022-23 की वार्षिक रैंकिंग 7 डोमेन के अंतर्गत 36 इंडिकेटर के आधार पर तैयार की गई है, जिसमें शालाओं में उपलब्ध संसाधन, समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षकों का क्षमता संवर्धन और कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन तथा जिला स्तर पर किए जा रहे विशेष प्रयासों के प्रदर्शन को समाहित करते हुए आधारित रैंकिंग जारी की गई है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने शैक्षणिक स्टाफ को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए जिले के शैक्षणिक स्तर को और ऊंचा उठाने और अधिक मेहनत कर, प्रदेश में कटनी को शिक्षा के क्षेत्र में नई बुलंदियों तक पहुंचाने की बात कही है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले साल पूरे प्रदेश में कटनी जिले की रैंकिंग 32वे नंबर पर थी। जिससे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गया था। राज्य सरकार के साथ ही जिला प्रशासन ने भी इसे गंभीरता से लिया था।

## अखंड रामायण पाठ का समापन

कटनी, यशभारत।

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में सावन मास के अवसर पर ग्रामों में जगह-जगह धार्मिक आयोजन चल रहे थे, इसी तारतम्य में पिपरिया सहलावन स्थित शिवदुर्गा मंदिर में भी ग्रामवासियों के सहयोग से आंखड रामायण का आयोजन 18 जुलाई से लेकर 16 अगस्त तक याने की पूरे एक माह के लिया किया गया था, जिसका समापन बुधवार को पुरषोत्तम मास की अमावस्या के मौके पर हवन, कन्या भोजन व भंडारे के रूप में किया गया, जहां पहुंचकर ग्रामवासीयों से बारी बारी से प्रसाद ग्रहण किया।



## छात्रों व एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली, बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** स्वतन्त्रता दिवस की 76वी वर्षगांठ ऐतिहासिक नगरी विजयराघवगढ़ में अपार उत्साह एवं हर्षोल्लास के बीच मनाई गई। इस अवसर पर समस्त शासकीय, अशासकीय शिक्षण संस्थानों एवं कार्यालयों में प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया गया, इसके उपरांत शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय खेल मैदान में छात्र एवं एनसीसी कैडेट्स राष्ट्रीय ध्वज लेकर मार्च पास्ट करते हुए संकट मोचन चोक से मेन रोड अंधामोड़ होते हुए आजाद चौक पहुंचे, जहां आजाद स्तम्भ में नगर के वरिष्ट नागरिक विनोद मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। एनसीसी कैडेट्सो ने ध्वज को सलामी देकर राष्ट्रीय गीत का गायन किया। जुलूस जनपद प्रांगण पहुंचा, जहां जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अधिकरियों ने ध्वजारोहण, राष्ट्रीय गीत का गायन के बाद जूलूस प्राचीन ऐतिहासिक किले पहुंचा।

### नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** नगर परिषद विजयराघवगढ़ कार्यालय में अध्यक्ष श्रीमति वसुधा मनीष मिश्रा,



जनपद कार्यालय में जनपद अध्यक्ष श्रीमति सुधा कोल, संयुक्त तहसील कार्यालय में एसडीएम महेश मण्डलोई, जनपद शिक्षा केन्द्र में सी एस मरावी, गरुड़ध्वज संस्कृत विद्यालय में प्रमोद कुमार मिश्रा, प्राथमिक साख समिति, जिला सहकारी बैक, भारतीय स्टेट बैक सहित समस्त संस्थानों के प्रभारियों द्वारा ध्वजा रोहण किय ागया।

## विजयराघवगढ़ में हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस





**विजयराघवगढ़, यशभारत।** विजयराघवगढ़ तहसील मुख्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किले में क्षेत्र के विधायक एवं मप्र शासन के पूर्व मंत्री संजय सत्येन्द्र पाठक ने ध्वजारोहण करते हुए तिरंगे झंडे को सलामी दी और मुयमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रदेश की जनता के नाम संबोधित संदेश का वाचन किया। विधायक श्री पाठक ने इस मौके पर नगरवसियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। श्री पाठक ने आजादी के आंदोलन में विजयराघवगढ़ के अविस्मरणीय योगदान की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि विजयराघवगढ़ के राजवंशों ने अंग्रेजों से युद्ध कर देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपना बलिदान दिया है। हम उन्हें शत-शत नमन करते है, जिस देश का अन्न, जल खाकर हम पल रहे हैं। उस माटी का ऋण हमारे ऊपर है, जिसे हमे याद रखना चाहिए। विजयराघवगढ़ का इतिहास भी देश प्रेम की सीख देता है। राजा सरयू प्रसाद सिंह ने बलिदान देते हुए दो बार अंग्रेजों को परास्त किया था, किन्तु छल के कारण वे शहीद हो गए। देश में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम के अगले चरण में मुख्य अतिथि विधायक संजय पाठक ने मीसा बंदियों का शाल श्री फल भेंटकर सम्मान किया।

### ऐतिहासिक किले में विधायक संजय पाठक ने किया ध्वजारोहण

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति सुधा मिश्रा, जनपद अध्यक्ष सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, नगर परिषद उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, एसडीएम महेश मंडलोई, तहसीलदार श्री मिश्र, नायब तहसीलदार, सहायक यंत्री डी के इनवाती, सीएमओ रामावतार पटेल, सीईओ के के पांडे, डॉ विनोद कुमार, डॉ. एस के सिंह, मो नसीम, लेखापाल शरद श्रीवास्तव, आर आई जानकी पटेल, महेंद्र दुबे, लक्ष्मण बुनकर, जे पी लखेरा, थाना प्रभारी विनय कांत सिंह, कमलेश बैरागी, सीता ताम्रकार, शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्रों की उपस्थिति रही।

# दीक्षा धारण करने जा रहे बाल ब्रम्हचारियों की गोदभराई

### जैन बोर्डिंग हाऊस में कार्यक्रम, मुनि श्री से दिया आशीर्वाद




**कटनी, यशभारत।** 76वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुनि श्री 108 आस्तिक्य सागर महाराज के सानिध्य में एवं आचार्य श्री 108 विशुद्धसागर महामुनिराज जी से जिन दीक्षा धारण करने जा रहे 8 बाल ब्रम्हचारियों की गोदभराई एवं बिनौली का कार्यक्रम जैन बोर्डिंग हाऊस में किया गया। 8 बाल ब्रम्हचारी भैया, जो कि पन्ना से होते हुये आज कटनी में आए आगामी दिनों में आचार्य विशुद्ध सागर जी महामुनिराज से जैन दीक्षा प्राप्त उत्तरप्रदेश में प्राप्त करेंगें। बाल ब्रम्हचारी में सिद्धम, विपुल, हार्दिक, राजेश, विपुल, अंकुर, तन्मय व हिमांशु शामिल है। सर्वप्रथम जैन दीक्षा प्राप्त कर रहे भैया जी द्वारा चन्द्रप्रभु जैन दिगम्बर मंदिर में मूल नायक भगवान श्री चन्द्रप्रभु का मस्तकाभिषेक किया गया, इसके पश्चात जैन धर्मशाला में सभी भैया को जैन समाज एवं चन्द्रप्रभु ज्ञानोदय संगीत मंडल के पुरूष एवं महिला वर्ग द्वारा स्वालपाहार दिया गया, इसके पश्चात सभी भैया जी की धूमधाम से शोभायात्रा झंडाबाजार, कपड़ा बाजार, साधूराम स्कूल होते हुये जैन बोर्डिंग हाऊस में ध्वाजारोहण का कार्यक्रम किया गया। राष्ट्रीयध्वज के साथ जैन ध्वाजा फहराया गया तथा राष्ट्रीय गान एवं जैन ध्वजागान का आयोजन किया गया। जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा मंगलाचरण का आयोजन किया गया। भैया जी की गोदभराई का कार्यक्रम मुनि श्री के सानिध्य में किया गया। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में 8 भैया जी जो अपने घर से स्वंत्रत हो रहे तथा साधना के पथ पर आगे बढ़ाने जा रहे भैया जी को आशीर्वाद प्रदान किया। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सकल दिगम्बर जैन समाज, जैन शिक्षा संस्था के अध्यक्ष अनूप सिंघई, समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में ज्ञानोदय संगीत मंडल के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, कोषाध्यक्ष योगेश जैन, राजीव जैन, राजकमल जैन, सुनील जैन, अरविन्द जैन, नितिन जैन, प्रसन्न जैन, जैनेन्द्र जैन, अविनाश जैन एवं अन्य सभी सदस्यों द्वारा कार्यक्रम को भव्य बनाने में सकल दिगम्बर जैन समाज का अभार एवं धन्यवाद दिया गया।



## जरूरतमंद बच्चों को मिली यूनीफार्म

**कटनी, यशभारत।** अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद नीलांजना संभाग शाखा के तत्वाधान में आयोजित आंसू से मुस्कान प्रोजेक्ट के तहत दिगंबर जैन मिडिल स्कूल में प्रांतीय संरक्षक बबीता जैन ने जरूरतमंद बच्चों को गणवेश वितरित किया। कार्यक्रम में जैन शिक्षा संस्था के अध्यक्ष अनूप सिंघई, प्रधान अध्यापिका सीमा जैन, परिषद के पदाधिकारी, अध्यक्ष संध्या जैन, सचिव मंजू जैन, प्रांतीय संरक्षक नीता जैन, प्रांतीय प्रभारी लक्ष्मी जैन, प्रांतीय चेयरपर्सन, मीनू सिंघई, श्रीमती सुनीता जैन, अंजू जैन, सीमा चौधरी, श्रीमती शालू जैन, श्रीमती पिंकी जैन, अर्चना जैन, रूबी जैन, मधुबाला जैन की मौजूदगी रही।



## भजन संध्या में जमकर झूमे श्रद्धालु

### शास्त्री कॉलोनी में अखण्ड रामचरित मानस पाठ का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** श्रावण मास के पावन पर्व पर शहर में जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस



शास्त्री कालोनी निवासी संजू गर्ग अखण्ड रामचरित मानस पाठ एवं शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया गया। अखण्ड रामचरित मानस पाठ के समापन के उपरांत पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक पूजन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। वेदिका पूजन हवन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शास्त्री कालोनी स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर शिवमयी नजर आया। सांध्यकालीन बेला पर संगीत मयी सुंदर कांड का सामूहिक पाठ किया गया। एक शाम प्रभु को धन्यवाद सहित भजन संध्या का शानदार आयोजन किया गया। जिसमे बजरंग बाल रामायण समाज नंदू भैया की टीम द्वारा सुंदर कांड सहित शानदार हुआ भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में मातृशक्तियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सुंदर कांड भजन संध्या के बाद कार्यक्रम का समापन देश की आन, बान, शान का प्रतीक तिरंगा लहराकर देश भक्ति से ओत प्रेत देश भक्ति के गीत से पूरा दुर्गा मंदिर गुंजायमान हुआ। श्रद्धालुओ ने देश भक्ति पर जमकर भावविभोर होकर जमकर नृत्य किये।

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।
संपर्क-8109417340

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
mgm NURSING
एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग
SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी
विशेषतायें : डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक B.Sc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें
जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

सर्वसुविधा युक्त लायब्रेरी, स्पोकन इंग्लिश एवं कम्प्यूटर कोर्स की नि:शुल्क सुविधा, छात्रावास सुविधा एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध
जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांऊसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांऊसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी
फोन. 07622&405074 मो. 7771001902
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी ( म.प्र. )

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**
**(सामान्य निर्वाचन) जिला कटनी (म.प्र.)**

क्रमांक/609/निविदा/निर्वाचन/ 2023 — कटनी दिनांक 14 अगस्त 2023

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत उपयोग होनी वाली विभिन्न प्रकार की लेखन एवं अन्य सामग्री क्रय के लिए दर निर्धारण हेतु पूर्व में ई-निविदा जारी की गई थी,जिसमे एक भी निविदाएँ प्राप्त नहीं होने के कारण लेखन एवं अन्य सामग्री क्रय के लिए दर निर्धारण हेतु पुन: अल्पकालिक ई-निविदा https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से आमन्त्रित की जाती हैं,जिसका विवरण निम्नानुसार हैं:-


| स. क्र. | ई-निविदा आई.डी. | ई-निवदा विवरण | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_CEO_298885_1 | लेखन एवं अन्य सामग्री क्रय | 29.08.2023 सायं 5:00 बजे तक | 31.08.2023 सायं 5:30 बजे |

उपरोक्त अल्पकालिक ई-निविदा के फार्म,नियम,शर्तो के विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। ई-निविदा में कोई भी संशोधन https://mptenders.gov.in पोर्टल पर अपलोड की जावेगी, उसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही कराया जावेगा।

G-18387/23

अपर कलेक्टर
एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी
(सामान्य निर्वाचन) जिला कटनी (म.प्र.)

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
11 अगस्त से
रोजाना 2 शो
12.00 PM (AUDI-1-2D)
09.45 PM (AUDI-2D)
नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9.15 बजे से रहेगा (ऑडी-1 में)
ओएमजी-2




कलाकार- अक्षय कुमार , पंकज त्रिपाठी , यामी गौतम, अरूण गोविल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
11 अगस्त से
रोजाना 6 शो
12.30 PM (AUDI-2)
03.00 PM (AUDI-1)
03.45 PM (AUDI-2)
06.30 PM (AUDI-1)
07.00 PM (AUDI-2)
10.15 PM (AUDI-2)
नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9 बजे से रहेगा (ऑडी-2 में)
गदर-2




कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में
ऑल इंडिया रिलीज
11 अगस्त से
रोजाना 3 शो
11.45, 3 एवं सायं 6 बजे से
नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9 बजे से रहेगा
गदर-2




कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास-100/-
बॉक्स -100/- अपर क्लास 80/-

» न्यूज गैलरी

## गदर-2 के टिकट लेने को लेकर विवाद, युवक का सिर फोड़ा

भोपाल, ईएमएस। शहर के टीटी नगर थाना क्षेत्र में स्थित रंगमहल टाकीज में सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर फिल्म ग्चादर-2ज्का टिकट लेने लाइन में ख?े युवक से दूसरे युवक ने मारपीट कर दी। घटना 15 अगस्त शाम की है। आरोपित ने बेल्ट उतारकर युवक को मारा। बेल्ट में लगे लोहे का बक्कल लगने से युवक के सिर में गंभीर चोट लगी है। दोनों में टिकट की लाइन में खड़े होने को लेकर विवाद हुआ था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।टीटी नगर पुलिस ने बताया कि राहुल नगर निवासी नीतेश हरियाले (20) कोलार में हाउस कीपिंग का काम करता है। विगत 15 अगस्त की शाम करीब सवा छह बजे वह रंगमहल टाकीज में ग्चादर 2ज्फिल्म देखने गया था। वह टिकट लेने लाइन में ख?ा था। तभी एक युवक आया और उसे लाइन से हटाने लगा। वह नीतेश को लाइन से हटाकर खुद उसकी जगह लाइन में ख?ा होना चाह रहा था। इसी बात को लेकर उन दोनों में विवाद होने लगा। इसी दौरान आरोपित युवक ने गाली-गलौज करते हुए कमर से अपना बेल्ट निकाल लिया और उसके बक्कल से नीतेश के सिर पर वार कर दिया। सिर में बक्कल लगने से नीतेश लहूलुहान हो गया। मारपीट करने के बाद आरोपित वहां से फरार हो गया। जाते-जाते उसने धमकी दी कि मेरा नाम शिवा बाथम है। यहां मेरा नाम चलता है। अगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से खत्म कर दूंगा।

## दिग्विजय सिंह बोले- एमपी में चुनाव जीते तो बजरंग दल पर नहीं लगाएंगे प्रतिबंध

भोपाल, ईएमएस। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा कि अगर हम मध्य प्रदेश में चुनाव जीतते हैं तो बजरंग दल पर प्रतिबंध नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि बजरंग दल में कुछ अच्छे लोग भी हो सकते हैं। लेकिन हम दंगों या हिंसा में शामिल किसी को भी नहीं बख्शेंगे। इसके पहले कर्नाटक में चुनाव के दौरान कांग्रेस ने बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात अपने घोषणापत्र में की थी। जिसके बाद पूरे देश में बजरंग दल से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन कर विरोध किया था।उधर पूर्व सीएम कमल नाथ और दिग्विजय सिंह के हिंदुत्व को लेकर आए बयान पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि इन्हें वोट की फसल की चिंता है। उन्होंने इन दोनों नेताओं को हिंदुत्व से कोई मतलब नहीं है।

## आत्मीयता का भाव बढ़ाने प्रदेश के 52 जिलों में प्रारंभ हुई स्नेह यात्रा

भोपाल ईएमएस। समाज के विभिन्न वर्गों में आत्मीयता का भाव बढ़ाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद और योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी स्नेह यात्रा का शुभारंभ बुधवार से किया गया। 26 अगस्त तक चलने वाली इस यात्रा में प्रत्येक जिले में एक संत भ्रमण करेंगे। वह बस्तियों में जाकर जनमानस में समरसता के भाव बढ़ाएंगे। इस आयोजन के मूल में समता, सहयोग, सादगी और समर्पण के भाव को लेकर अपनत्व और नैसर्गिक स्वरूप में वंचित वर्गों और पूज्य साधु-संतों का सद्भाव मिलन है। संत-महात्माओं के ग्राम में पहुंचने पर क्षेत्र के लोगों द्वारा उनका अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद संतों की जनसामान्य से भेंट व सत्संग होगा।

## राष्ट्रपिता की प्रतिमा के आसपास कब्जा, नगर निगम नहीं ले रहा सुध

भोपाल, यशभारत। संत हिरदाराम नगर में सर्वाधिक आवाजाही और चहल पहल वाले बाजार में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल के आसपास फिर से अतिक्रमण होने लगा है। हाल ही में प्रतिमा स्थल का सुंदरीकरण किया गया है पर इसकी नियमित देखरेख नहीं हो रही है। आटो स्टेंड पर भी कब्जा हो गया है। चंचल रोड को चौड़ा करने के साथ ही इससे लगे गांधी प्रतिमा स्थल को भी अतिक्रमण मुक्त करने का प्रस्ताव था। नगर निगम चंचल रोड तो चौड़ा कर दिया पर प्रतिमा स्थल से अवैध कब्जे नहीं हटाए। इसे अतिक्रमण मुक्त कर आटो स्टैंड बनाया जा सकता है।

## 20 अगस्त को भोपाल आएंगे अमित शाह

# जारी करेंगे शिवराज सरकार का रिपोर्ट कार्ड

भोपाल,यशभारत। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 20 अगस्त को भोपाल में शिवराज सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे। इसमें शिवराज सरकार द्वारा किए गए कार्यों का लेखा-जोखा रहेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा सहित मंत्री व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।



### कार्ड में होगा सरकार के कामकाज का लेखा-जोखा

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री चौहान ने पिछले दिनों कहा था कि हम जनता के सामने अपने कामों का रिपोर्ट कार्ड रखेंगे। इसको लेकर सभी विभागों से 2003 के बाद से लेकर अब तक किए गए कार्यों का लेखा-जोखा तैयार करवाया गया है। सूत्रों के मुताबिक रिपोर्ट कार्ड में महिला, युवा, किसान सहित अन्य वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्य को विस्तार से जनता के सामने रखा जाएगा। साथ ही यह भी बताया जाएगा कि भाजपा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से प्रदेश आज विकास की मुख्यधारा में आ चुका है। अधोसंरचना विकास के लिए पूंजीगत व बढ़ाया गया तो निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कई नीतिगत परिवर्तन किए गए हैं।

ग्वालियर में होगी भाजपा कार्यसमिति की बैठक मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 20 अगस्त को ग्वालियर में होगी। बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मप्र चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश के चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव और अश्विनी वैष्णव शामिल होंगे।

### बैठक में लगभग डेढ़ हजार भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे।

शाह के सुझाव पर होने वाली इस बैठक में भाजपा के लगभग डेढ़ हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। सभी विधायक-सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी कार्यसमिति की बैठक में आमंत्रित किया गया है।

### इससे पहले 19 मई को हुई थी बैठक

इससे पहले 19 मई को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई थी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 30 मई से 30 जून तक प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा और बूथों की मजबूती पर चर्चा की गई थी।

### दो सौ सीटों पर जीत का संकल्प

पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में दो सौ सीटों पर जीत का संकल्प लिया जाएगा। कार्यकर्ताओं को इस दिशा में काम करने और 51 प्रतिशत वोट प्राप्त करने के लिए टिप्स दिए जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी बैठक में शामिल हो सकते हैं। ग्वालियर-चंबल में भाजपा की स्थिति कुछ कमजोर आंकी जा रही है। यही वजह है कि बैठक के लिए पहली बार ग्वालियर का चयन किया गया है।



## मादा चीता निरवा सफलतापूर्वक केप्चर

भोपाल यशभारत। प्रधान मुख्य वन वनरक्षक-वन्यप्राणी एवं मुख्य वन जीव अभिरक्षक ने बताया कि डॉग स्क्वाड और ड्रोन टीमों की सहायता से वन्यप्राणी चिकित्सकों की टीम द्वारा मादा चीता निरवा को सफलतापूर्वक केप्चर कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि निरवा पूरी तरह स्वस्थ्य है और निरवा चीता को परीक्षण के लिये बोमा में रखा गया है। कूनों राष्ट्रीय उद्यान में सभी 15 चीते 7 नर, 7 मादा और 1 मादा शावक स्वस्थ हैं। सभी चीतों को बोमा में रखा गया हैं। कूनो वन्यप्राणी चिकिसकों की टीम की सतत निगरानी में उनके स्वास्थ्य का परीक्षण किया जा रहा है।निरवा चीता को शाम के समय लोकेट कर लिया गया किन्तु वे उसे कैप्चर नहीं कर सके। निरवा स्वस्थ दिखाई पड़ी और गतिमान थी। अंधेरा घिरने वाला था अतः केप्चर ऑपरेशन को अगले दिन तक स्थगित कर दिया गया। ड्रोन टीमों को रात भर निरवा के लोकेशन पर निगाह रखने की जिम्मेदारी दी गई जिसे टीमों ने बखूबी निभाया। ड्रोन टीमों द्वारा उपलब्ध कराई गई लोकेशन की जानकारी के आधार पर आज प्रातः 4 बजे से ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। लगभग 6 घंटे तक चले ऑपरेशन के पश्चात निरवा को सफलतापूर्वक केप्चर कर लिया गया।

## पांच रुपये में हितग्राहियों को बेचे जा रहे थे नमक के पैकेट, राशन दुकान निलंबित

भोपाल यशभारत। जिले में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर हितग्राहियों के साथ दुर्व्यवहार तो किया ही जाता है, साथ ही उनको समय पर उचित राशन भी नहीं दिया जा रहा है। इतना ही नहीं एक रुपये में मिलने वाली नमक की थैली को पांच रुपये में दिया जाता है। जब जिला खाद्य विभाग की टीम ने बुधवार को शहर की राशन दुकानों का औचक निरीक्षण किया तो यह लापरवाही सामने आई है। जहां एक दुकान संचालक द्वारा मनमानी राशि हितग्राहियों से ली जा रही थी और राशन देने के दौरान उनसे बदतमीजी भी की जा रही थी।




इस पर कार्रवाई करते हुए दुकान को निलंबित कर दिया गया है।जिला आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार ने बताया कि अन्न उत्सव के दौरान अमले द्वारा बुधवार को शासकीय उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तात्या टोपे प्राथमिक सहकारी उप भंडार द्वारा ई छह अरेरा कालोनी में संचालित राशन दुकान की जांच गई। यहां पर विक्रेता मुकीम चांद द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरती जा रही थी और एक रुपये में दिए जाने वाले नमक पैकेट के बदले में पांच रुपये वसूले जा रहे थे।साथ ही हितग्राहियों से भी विक्रेता द्वारा अनुचित व्यवहार किया जा रहा था। इसी वजह से उक्त दुकान को निलंबित करते हुए जनता कालोनी ई छह स्थित रेणु महिला भंडार में संलग्न किया गया है।वहीं राजश्री वर्धमान भंडार की राशन दुकान को श्यामनगर की दुकान में संलग्न किया है। मीना मालाकार ने बताया कि उक्त दुकानों से संलग्न उपभोक्ता अपनी सुविधा अनुसार इन दुकानों के अलावा जिले की किसी भी राशन दुकान से पोर्टेबिलिटी के माध्यम से राशन प्राप्त कर सकते हैं। पीडीएस उपभोक्ताओं को एनएफएसए के तहत अंत्योदय परिवारों को 35 किलोग्राम प्रति परिवार 21 किलो चावल, 14 किलो गेहूं, प्राथमिकता परिवारों को पांच किलोग्राम प्रति सदस्य निश्शुल्क खाद्यान्न तीन किलो चावल, दो किलो गेहूं दिया जाता है। वहीं अंत्योदय परिवारों को एक किलो शक्कर प्रति परिवार 20 रुपये प्रति किलो और सभी पात्र परिवारों को प्रति परिवार को एक किलो नमक का पैकेट एक रुपये में दिया जाता है।

## नवगठित जिले मऊगंज में पुलिस अधीक्षक पदस्थापना आदेश जारी

भोपाल(ईएमएस)। मध्य प्रदेश का 53वां जिला रीवा जिले का मऊगंज होगा। मऊगंज, हनुमना और नईगढ़ी तहसील को मिलाकर यह जिला बनाया गया है। राजस्व विभाग ने रविवार को जिला गठन का आदेश जारी कर दिया। इसका मुख्यालय मऊगंज रहेगा। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति कर दी गई है। वीरेंद्र जैन को एसपी और सोनिया मीणा को कलेक्टर बनाया गया है। अन्य अधिकारियों की नियुक्ति इसी सप्ताह होगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चार मार्च 2023 को मऊगंज में जन कल्याण कार्यक्रम में मऊगंज को जिला बनाने और 15 अगस्त को राष्ट्र ध्वज फहराने की घोषणा की थी। छह अप्रैल को नए जिले के गठन की प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर दावे-आपत्ति बुलाए गए। इनका निराकरण कर बीते शुक्रवार को राजस्व विभाग ने कैबिनेट ने नए जिले के गठन और कलेक्टर सहित अन्य पदों के सृजन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था।

## सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर 50 परिवार पर होगा जनसेवा मित्र

### मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा

भोपाल, यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि जनसेवा मित्रों की तादाद बढ़ाई जाएगी ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ भरपूर तरीके से मिल सके। स्वतंत्रता दिवस भाषण में सीएम ने प्रदेश के हर 50 परिवार पर एक जनसेवा मित्र तैनात करने की बात कही। सीएम ने प्रदेश के हर 50 परिवार पर एक जनसेवा मित्र तैनात करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच सेतु का काम करने वाले यह जनसेवा मित्र हर आम इंसान तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहयोग करेंगे।सीएम शिवराज ने स्पष्ट किया कि देखरेख या चिंता के मायने किसी परिवार के बीमार को स्वास्थ्य योजना का लाभ दिलाने से लेकर लोगों को राशन दिलाने तक की जिम्मेदारी पूरी करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश में इन जनसेवा मित्रों की संख्या 3 लाख से ज्यादा पहुंचेगी। ये सरकारी



नौकरी नहीं, लेकिन इससे जनता को सहायता पहुंचाने का सुकून युवाओं को मिलेगा। अगर कोई व्यक्ति किसी वजह से राशन लेने नहीं जा सकता है तो यह जनसेवा मित्र उन्हें घर-घर तक राशन पहुंचाने में भी मदद करेंगे। साइबर तहसील, लोक सेवा गारंटी कानून का प्रभावी क्रियान्वयन, जन सुनवाई, सीएम हेल्पलाईन, समाधान ऑनलाईन, समाधान एक दिन, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रान्सफर और सीएम जनसेवा योजना जैसे नवाचारों ने मध्यप्रदेश को गुड गवर्नेंस के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री सामुदायिक युवा नेतृत्व विकास कार्यक्रम, चीफ मिनिस्टर्स यंग प्रोफेशनल्स फॉर डेवलपमेंट प्रोग्राम, पेसा समन्वयक और मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र के रूप में कार्य जैसे बड़े कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य सरकार युवाओं को जनकल्याण के कार्यों में सरकार का साझेदार बना रही है।

जनभागीदारी भी सुनिश्चित की गई

सीएम ने कहा कि प्रदेश में विकास की एक नई तहरीर लिखी गई है।

## गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और बिहार के 230 भाजपा विधायक कल आएंगे भोपाल

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा ने मैदानी जानकारी जुटाने के लिए गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और बिहार के 230 विधायकों की ड्यूटी लगाई है।ये सभी 18 अगस्त यानी शुक्रवार को भोपाल पहुंचेंगे। यहां इन्हें शनिवार को प्रशिक्षण देकर विधानसभा क्षेत्रों में भेजा जाएगा। प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय संगठन ने विधानसभावार विधायकों की ड्यूटी लगाई है। इन्हें आवंटित विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की मैदानी स्थिति का आकलन करना है और संभावित दावेदारों को लेकर संगठन को रिपोर्ट देंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी जाएगी यह जानकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में इन्हें बताया जाएगा कि क्षेत्र के प्रवास के दौरान क्या-क्या करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पार्टी राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा विष्णुदत्त शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।उधर, मप्र विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को दिल्ली में बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा शामिल हुए। पार्टी नेताओं के अनुसार केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक थी, जो पहली बार चुनाव से पहले हुई है। इसमें प्रारंभिक तौर पर चुनावी तैयारियों का लेखा-जोखा लिया गया। टिकट के क्राइटेरिया को लेकर भी गंभीरता से चर्चा हुई। इसमें किसे टिकट देना है, परिवारवाद और वंशवाद जैसे मुद्दे पर कठोरता से गाइडलाइन बनाने की बात कही गई।

## सितंबर में राहुल का मप्र आगमन 22 को सागर में खरगे की सभा

**भोपाल ,यशभारत।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का मध्य प्रदेश का दौरा अब सितंबर महीने में संभावित है। कांग्रेस विंध्य, ग्वालियर-चंबल और मालवांचल में उनकी जनसभा के साथ उनका रोड शो कराने की तैयारी कर रही है। उधर, 22 अगस्त को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सागर आएंगे। खरगे की जनसभा के लिए नरयावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कजलीवन मैदान का चयन किया गया है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पहले 13 अगस्त को सागर आने वाले थे, लेकिन यह कार्यक्रम स्थगित हो गया। अब वे 22 अगस्त को आ रहे हैं। इसकी तैयारियों के लिए रविवार को सागर में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, लखन घनघोरिया, राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर, मुकेश नायक ने सागर संभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

### कजलीवन मैदान पर होगी सभा

बैठक में सभा के लिए नरयावली विधानसभा में आने वाले कजलीवन मैदान का चयन किया गया। यह स्थान नरयावली विधानसभा में आने वाले बड़तूमा से लगभग 18 किलोमीटर दूर है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को संत रविदास मंदिर और स्मारक का भूमिपूजन किया था।



### बुंदेलखंड क्षेत्र में खास फोकस का लक्ष्य

कांग्रेस इस कार्यक्रम के माध्यम से बुंदेलखंड क्षेत्र में खास फोकस करेगी। इसके पहले पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा जबलपुर और ग्वालियर में जनसभा को संबोधित कर चुकी हैं। वहीं, राहुल गांधी सितंबर से प्रदेश में चुनावी दौरों की शुरुआत करेंगे। उनका पहला कार्यक्रम विंध्य क्षेत्र में प्रस्तावित है। वे आठ अगस्त को शहडोल के ब्योहारी आने वाले थे लेकिन यह कार्यक्रम निरस्त हो गया था।

### विंध्य क्षेत्र का चयन इसलिए

पार्टी ने विंध्य क्षेत्र का चयन इसलिए किया है, क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में यहां कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। अंचल की 30 में से केवल सात विधानसभा सीटों से ही पार्टी प्रत्याशी जीत सके थे। यहां तक कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह भी अपनी परंपरागत चुरहट विधानसभा सीट हार गए थे।

### मोदी और अमित शाह के कार्यक्रम हो चुके

वहीं, भाजपा भी इस क्षेत्र में अधिक सक्रिय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शहडोल और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सतना में कार्यक्रम कर चुके हैं। विंध्य के बाद राहुल गांधी की सभा मालवांचल और ग्वालियर-चंबल में होगी। उनका रोड शो भी आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चुनाव अभियान समिति की अगले सप्ताह प्रस्तावित बैठक में विचार कर अंतिम रूप देने केंद्रीय संगठन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

## 24 घंटे में दिनदहाड़े चार मकानों के ताले टूटे दो लाख की चोरी

भोपाल, यशभारत। राजधानी में मकान और दुकान में ताले लगाकर बाहर जाना आपको मुश्किल में डाल सकता है।शहर में लगातार मकान के बाहर लगे ताले तोड़कर चोरी के लगातार मामले सामने आए हैं पिछले 24 घंटे में नए शहर में चार मकानों के ताले तोड़कर करीब तीन लाख का सामान समेतटकर फरार हो गए।इन सभी चोरी की वारदात में शिकायत पर पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरु कर दी है। शाहपुरा पुलिस के मुताबिक श्रृदा अपार्टमेंट में रहने वाली 23 वर्षीय अंजली बाथम घरेलु महिला हैं, वह किसी काम से बाहर जाना था। वह 11 अगस्त को मकान पर ताला लगाकर चली गई थी, बाद में जब लौटी तो उनके घर ताले टूटे हुए थे। घर का फ्रिज और अन्य कीमती सामान समेत करीब 50 हजार का सामान चोरी हो चुका था।इसी तरह से अशोकागार्डन के सुभाष कालोनी में पुरूषोतम कुशवाह द्वके मान के ताले तोड़कर अज्ञात आरोपित 41 हजार रुपये के मोबाइल चोरी करके ले गया। दोनों की शिकायत पर एफआइआर दर्ज कर ली गई है। चोरी में पुलिस कोई सुराग नहीं तलाश पाई है। इधर, कोलार और गोविंदपुरा में चोरी की घटनाएं सामने आई है। गोविंदपुरा में मकान का ताला तोड़कर जय प्रकाश खरे मोबाइल चोरी हो गया है। इसी तरह से कोलार के गुड शेफर्ड कालोनी में रहने वाले डेजी अब्राहम बाहर गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने खिड़की से हाथ डालकर घर में प्रवेश किया और सोने के जेवरत समेत करीब 70 हजार रुपये कीमत का सामान चोरी हो गया है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है।

स्कूल शिक्षा विभाग | सरकारी स्कूलों पर जिलों का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड जारी

# छोटे जिलों ने लगाई लंबी छलांग, बड़े फिसड्डी

**भोपाल यशभारत।** स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला स्तर पर सरकारी स्कूलों की स्थिति का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड जारी किया है। प्रदेश के चारों बड़े जिले (इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर) बी-ग्रेड पाकर पिछड़ गए हैं, जबकि ये सुविधाओं के मामले में अन्य जिलों से बेहतर हैं। हालांकि भोपाल और ग्वालियर की रैंकिंग में मामूली सुधार जरूर हुआ है। छोटे जिलों ने काफी अच्छी छलांग लगाकर शीर्ष दस में स्थान बनाया है। इस बार एक भी जिला उत्कृष्ट श्रेणी में नहीं आया है। रिपोर्ट के मुताबिक भोपाल जिले ने तीन स्थान की छलांग लगाते हुए 32वां स्थान पाया है, पहले वह 35वें स्थान पर था। इसी तरह ग्वालियर 29वें से 20वें



स्थान पर पहुंच गया है। इंदौर व जबलपुर पिछले साल से बहुत अधिक पिछड़ गए हैं। इंदौर 23वें से 29वें और जबलपुर 12वें से 21वें स्थान पर खिसक गया है। इन सभी को बी-ग्रेड मिला है।

छोटे जिलों में ए-ग्रेड के साथ छिंदवाड़ा पहले, बालाघाट दूसरे और सिवनी तीसरे स्थान पर रहे हैं। शिक्षाविदों का कहना है कि बड़े जिलों में सरकारी कार्यक्रम ज्यादा होते रहते हैं और छोटे जिले शैक्षणिक गुणवत्ता यानी बच्चों में सीखने की क्षमता विकसित करने की ओर अधिक ध्यान दे रहे हैं, इसलिए उन्होंने बाजी मारी है।

52 जिलों में से सिर्फ तीन को ए-ग्रेड

प्रदेश के 52 जिलों में से तीन छिंदवाड़ा, बालाघाट और सिवनी को ही ए-ग्रेड मिला है। इस बार 90 से ऊपर अंक लाकर ए प्लस की श्रेणी में एक भी जिला नहीं आया है। सी व डी ग्रेड में भी कोई जिला शामिल नहीं है।

### इन जिलों का खराब प्रदर्शन

मुरैना पिछले वर्ष 10वें स्थान पर था, जो इस बार 47वें स्थान पर पहुंच गया है। सागर 19वें से 46वें, उज्जैन 27वें से 44वें, सीधी 34वें से 48वें, विदिशा 31वें से 45वें स्थापन पर आ गया है।

### सात सूचकांक पर हुई ग्रेडिंग

इस ग्रेडिंग में नामांकन व ठहराव, सीखने के परिणाम और गुणवत्ता, शिक्षकों की उपलब्धता, समानता, अधोसंरचना एवं सुविधाएं, सुशासन प्रक्रियाएं और वित्तीय प्रबंधन, नवभारत साक्षरता कार्यक्रम श्रेणियों को शामिल कर ग्रेडिंग देते हुए रिपोर्ट तैयार की है। शासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम होना।शिक्षकों की गैर शैक्षणिक कार्यक्रमों में ड्यूटी लगाना। प्राचार्यों व शिक्षकों को अन्य कार्यों में लगाना।स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति का कम होना।आला अधिकारियों की निगरानी न होना।जिन जिलों ने बेहतर प्रदर्शन नहीं किया है। उनकी समीक्षा कर उनकी कमियों में आवश्यक सुधार कार्य किए जाएंगे।

## पैदल टहल रही महिला कार की टक्कर से घायल

भोपाल, यशभारत। गोविंदपुरा थाना इलाके में जहॉं सड़क पर पैदल टहल रही महिला को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया वहीं बागसेवनिया थाना इलाके में बैंककर्मी की कार को एक अन्य कार चालक ने टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार शांति नगर, बरखेड़ा पठानी, में रहने वाली संगीता श्रीवास्तव पति महेन्द्र श्रीवास्तव (45) लहारपुर रोड पर टहलने के लिए निकली थी। थोड़ी देर बाद उनका परिचित बाबा ठाकुर संगीता को गंभीर हालत में घर लेकर पहुंचा था। बाबा ने संगीता के बेटे अंकित श्रीवास्तव को बताया की उसकी मॉं को लहारपुर रोड पर सिंघाजी महाराज मंदिर के सामने कटारा हिल्स तरफ से आने वाली अज्ञात कार ने टक्कर मार दी है। गंभीर रुप से घायल होने पर बेहोश हो चुकी महिला को परिवार वालो ने तत्काल ही इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचा, जहां उनका उपचार जारी है। विवाहिता के सिर, कमर, दोनो हाथ सहित पैर में चोट आई है। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर फरार अज्ञात कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### दूसरी और आपस में भिड़ी कारें

इधर आदेश गुप्ता पिता हरिदास गुप्ता (39) निवासी ईडन गार्डन फेस-1, जाटखे?ी में रहने ने पुलिस को बताया कि वह बैंक में नौकरी करते हैं।

## » न्यूज गैलरी

### कलेक्टर ने दो स्कूलों में भवन बनाने के लिए दी 26 लाख रूपये की स्वीकृति

**कटनी,यशभारत।** शिक्षा के माध्यम से जिले के नौनिहालों का भविष्य संवारने के प्रयासों में जी जान से जुटे कलेक्टर अवि प्रसाद की संवेदनशील कोशिशों की वजह से जिले के दो भवन विहीन स्कूलों के लिए 13.13 लाख रूपये की लागत से बनने वाले स्कूल भवनों की कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। दरअसल पर कलेक्टर श्री प्रसाद के संज्ञान में यह मामला आया कि जनपद शिक्षा केन्द्र कटनी के अंतर्गत प्राथमिक शाला दलीपुर टोला खरखरी एवं बडखेरा में छात्र पेड़ के नीचे अध्यापन कर रहे है। इस मामले की जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक श्री प्रसाद ने भवन की समस्या से जूझ रहे दोनों स्कूलों के लिए भवन निर्माण सहित बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य के लिए 13.13 लाख रूपये मंजूर किये है। कलेक्टर द्वारा स्वीकृत राशि से भवन बन जाने के बाद छात्र.छात्राओं को पढ़ाई के लिए नया स्कूल भवन मिल जायेगा। स्कूल के बच्चे भी नवीन भवन स्वीकृति का समाचार सुनते ही काफी उत्साहित है कि वे नया स्कूल भवन बन जाने के बाद स्कूल के पक्के भवन में बैठकर पढाई कर सकेंगे। बरसात और आंधी तूफान में भी उनकी कक्षाएं निर्बाध रूप से संचालित हो सकेंगी। साथ ही बाउन्ड्रीवाल बनने से स्कूल और स्कूल भवन दौनों ही सुरक्षित रूप से संचालित हो सकेंगे।

### लापता पुत्र की तलाश में भटक रही वृद्ध मां

कटनी, यशभारत। एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम टेढ़ी निवासी एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला अपने विक्षिप्त पुत्र की तलाश में यहां-वहां भटक रही है। वृद्ध महिला के द्वारा पुत्र के लापता होने की सूचना पुलिस को भी दी गई। पुलिस भी गुमइंसान कायम करते हुए तलाश में जुटी है। इस संबंध में ग्राम टेढ़ी निवासी 60 वर्षीय गया बाई पति ब्रजलाल लुनिया ने बताया कि उसका 25 वर्षीय पुत्र बलवीर लुनिया मानसिक रूप से कमजोर है। बलवीर बीती 26 जुलाई को घर में बिना बताए कहीं चला गया और फिर लौट कर घर नहीं आया। गया बाई का कहना है कि वह अपने पुत्र की तलाश में यहां-वहां भटक रही है। उसने पुत्र के लापता होने की सूचना पुलिस को भी दी है। पुलिस भी गुमइंसान कायम कर बलवीर के संबंध में जानकारी जुटा रही है।



# विकासखंड ढीमरखेड़ा के मढ़ेरा में सीईओ ने सीएचसी का निरीक्षण कर लिया जायजा

**सगौना में 35 पोल्ट्री शेड में से 8 कार्य शुरू पाए जाने पर उपयंत्री और निर्माण एजेंसी को शो कॉज नोटिस, होगी सख्त कार्यवाही**

### गुणवत्तापूर्ण सुधार कर शीघ्र पूर्ण कराए जाने के अधिकारियों को दिए निर्देश



**कटनी,यशभारत।** मढ़ेरा के निर्माणाधीन सीएचसी क्लस्टर हायरिंग सेंटर को तकनीकी मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सुधार करते हुए शीघ्र पूर्ण कराएंए ताकि ग्रामीणों को आवश्यक आवश्यक सुविधाओं का लाभ कृषकों और ग्रामीणों की शीघ्र मिल सके। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम मढ़ेरा में प्रगतिरत क्लस्टर हायरिंग सेंटर कृषक सुविधा केंद्र के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए। निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लेते हुए सीईओ श्री गेमावत ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता में कोताही नहीं बरती जाए। निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराया जाकर नागरिकों को सौंपा जाए ताकि शीघ्रता से ग्रामीण इसका समुचित उपयोग कर सके।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं को अधिक से अधिक आजीविका और रोजगार मूलक गतिविधियों से जोड़ने के प्रयास किए जाएं ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बन सके। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने उक्त कार्यवाही करने हेतु सीएलएफ पदाधिकारियों की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुग्ध संग्रह केंद्र बनाए जाने हेतु भी त्वरित रूप से आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मिल्क कलेक्शन सेंटर हो जाने से स्थानीय दुधारू पशुओं के दूध विक्रय करने में आसानी होगी और स्थानीय ग्रामीणों को बेहतर आमदनी हो सकेगी जिससे वे अपने घर और परिवार का बेहतर तरीके से उधर पोषण कर सकेंगे। समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत के सीईओ विनोद पांडेय, परियोजना अधिकारी वाटर शेड सूरज शर्मा एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं और पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने ग्राम रोझन में बेलकुंड नदी पर प्रस्तावित स्टॉपडेम कार्यस्थल का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयासों में निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। स्टॉप डेम निर्माण के पूर्व भली.भांति परीक्षण कर लिया जाए ताकि बारिश का पानी पर्याप्त मात्रा में संचित हो सके। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने ग्राम सगौना पहुंचकर पोल्ट्री शेड निर्माण कार्यों को भी देखा। स्वीकृत 35 कार्यों में से मात्र आठ कार्य प्रारंभ पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी और उपयंत्री को शोकाज नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नियत समय में शेष अपूर्ण कार्य पूर्ण कराएं अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने स सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया और पोल्ट्री शेड निर्माण के संबंध में जानकारी ली। वाटर शेड के अंतर्गत निर्मित झिरी तालाब का अवलोकन कर उपयोगकर्ता समूह से मछली पालन एवं सिंघाड़ा उत्पादन के संबंध में संवाद किया एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।



## मतदाता जागरूकता की विविध गतिविधियों को किए जाने हेतु कैलेंडर जारी करें- सीईओ

### विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** विविध प्रकार की मतदाता जागरूकता की गतिविधियों को किए जाने हेतु सभी विभागीय अधिकारी कैलेंडर जारी कर अवगत कराएं। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत ने अधिकारियों को दिए। समीक्षा करते हुए सीईओ ने विभागवार मतदाता जागरूकता के अंतर्गत कराई जा रही गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। सीईओ ने सभी विभागों से अधिक से अधिक मतदाताओं को विधानसभा निर्वाचन 2023 में जोड़े जाने हेतु जन जागरूकता की गतिविधियों में वृहद स्तर पर आयोजन किए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में डीपीसी एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप केके डेहरिया, डीईओ पीपी सिंह, सौरभ नामदेव, प्रबंधक जिला ई गवर्नेंस, प्राचार्य तिलक कॉलेज नगर निगम, महिला बाल विकास, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, महाप्रबंधक व्यापार उद्योग कार्यालय, सीईओ जनपद, खेल अधिकारी, एनआरएलएम, खाद्य खनिज महिला सशक्तिकरण अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**कटनी,यशभारत।** प्रियदर्शनी बस स्टैंड के सामने सेक्रेड हार्ट आंग्ल माध्यम सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल में 77 वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में डी.आर रजक ने मुख्यातिथि राजकिशोर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष के रूप में के. एम. गट्टानी, उपाध्यक्ष श्रीकान्त गट्टानी, सह उपाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, सचिव रामहित सोनी, सह सचिव अमित चौदहा, भूतपूर्व सदस्य ईश्वरदास पुरवार, दामोदरदास भूतड़ा, सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, सलाहकार अरुण भट्ट, सुरेश नौगरिया, माधुलाल सोनी, महेंद्र सहनी, नर्मदा प्रसाद साहू, गणेश जैसवाल, दिनेश जैन, जवाहरलाल शर्मा, डीपी शर्मा की उपस्थिति रही। प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को कलर पार्टी द्वारा बैण्ड बाजा के साथ हर्ष-हर्ष जय-जय के घोष तथा सम्मान के साथ मंच तक ले जाया गया। इसके उपरांत माँ सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ से विद्यालय प्राचार्य अभिषेक बनर्जी द्वारा स्वागत किया गया। पदाधिकारियों का स्वागत श्रीमती अंजली गौतम, केए मिश्रा ने किया। मुख्यातिथि द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गयी। राष्ट्रीयगान मधुरता के साथ हुआ। विद्यालय के छात्रों द्वारा रमन दल, टैगोर दल, वल्लभ दल, टैरेसा दल ने पूर्ण आस्था के साथ अभिमुख प्रयाण करते हुए तिरंगे को सलामी दी। विद्यालय के माध्यमिक, उच्चतर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा राट्रीय भावना से ओत - प्रोत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। हिंदी, आंग्ल भाषा में छात्राओं के द्वारा स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताया गया। देश भक्ति को जाग्रत करने वाले राष्ट्रीय गीत भी हुए। मुख्य अतिथि ने देश के प्रति समर्पण, स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताते हुए छात्रों को देश के लिए प्रतिज्ञा लेने के लिए उद्बोधित किया। श्रीकांत गट्टानी ने स्वतंत्रता की पूरी प्रक्रिया को समझया और छात्रों को समय का सदुपयोग करके देश को महँ बनाने का उद्बोधन दिया। कवि ईश्वरदास पुरवार ने बलिदान का महत्व कविता के माध्यम से समझाया। नवनिर्वाचित विद्यायलीन मुख्य छात्र-छात्रा अनुशासन, सांस्कृतिक विज्ञान आदि के प्रभारी छात्र-छात्राओं ने निष्ठापूर्वक शपथ ग्रहण की। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी उपप्राचार्य प्रदीप शर्मा ने सभी का आभार ज्ञापित किया। छात्र -छात्राओं को मिष्ठान वितरित करके कार्यक्रम का समापन हुआ। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षकाओ ने इस कार्यक्रम को सफ बनाने में सराहनीय सह्योग दिया।

## महिला टीआई ने महिला के बाल पकड़ कर घसीटा, `एक माह बाद सोशल मीडिया में वायरल हुआ वीडियो

### बिजली के पोल लगाने को लेकर बहोरीबंद क्षेत्र के ग्राम कौड़िया में हुआ था विवाद

**कटनी, यशभारत।** बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़िया में एक महिला के साथ महिला थाना प्रभारी व स्टाफ के द्वारा की गई बर्बरता पूर्ण कार्रवाई का एक वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। यह वीडियो लगभग एक माह पूर्व का है। उस समय पुलिस ने ग्रामीणों का मोबाइल जप्त कर लिया था। जब मोबाइल वापस दिया तो तत्कालीन थाना प्रभारी अर्चना सिंह जाट सहित अन्य स्टॉफ की करतूत सामने आई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़िया में विद्युत विभाग द्वारा बिजली का पोल लगाने का कार्य कराया जा रहा था। जिसमें एक परिवार के द्वारा पोल लगाने का विरोध किया जा रहा था। पोल लगाने के दौरान उपजे विवाद पर जब बहोरीबंद व स्लीमनाबाद की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तो विरोध कर रहे परिवार की एक महिला जेसीबी मशीन के सामने जमीन पर लेट गई और परिवार के पुरुष लकड़ी के बाड़े को पकड़ कर रास्ता रोकने का प्रयास करने लगे। पहले तो पुलिस महिला को समझाते हुए हटाने का प्रयास करती रही लेकिन जब महिला वहां से हटने को तैयार नहीं हुई तो बहोरीबंद महिला थाना प्रभारी अर्चना जाट एवं उनके सहयोगी स्टाफ ने महिला के बाल पड़कर घसीटते हुए उसे किनारे कर दिया। जानकारी के अनुसार 6 जुलाई को ग्राम कौड़िया क्षेत्र में पॉवर ट्रांसमिशन पैकेज-1 के तहत पारेषण लाइन का कार्य किया जा रहा था। इसी कार्य के लिए विद्युत कंपनी के कर्मचारी यहां उपकरण लेकर पहुंचे थे।



**इनका कहना है**

वीडियो मेरे संज्ञान में आया है। इस मामले की जांच स्लीमनाबाद एसडीओपी को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी। -अभिजीत कुमार रंजन, पुलिस अधीक्षक।

## ट्रांसफार्मर चोरी कर भाग रहा बदमाश गिरफ्तार

### ट्रेक्टर-ट्राली भी जप्त, स्लीमनाबाद के छपरा में घटना

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छपरा में अरिहंत मार्बल के पास से लगे दो लाख रुपए कीमत के घरेलू ट्रांसफार्मर चोरी करने का मामला प्रकाश में आया। यहां से ट्रांसफार्मर चोरी करने के बाद ट्रेक्टर में लोड कर भाग रहे बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि 15 अगस्त को शाम 4 से 6 बजे के बीच अरिहंत मार्बल के पास लगे घरेलू ट्रांसफार्मर को चुराने की योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया जा रहा था। तभी एकाएक लाइनमैन दिवाकर मेहरा पहुंच गए, जिससे ट्रांसफार्मर चोरी के मंसूबों पर पानी फिर गया। लाइनमैन ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। जानकारी लगते ही स्लीमनाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी हरिपाल सिंह को ट्रांसफार्मर व ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार कर लिया है। उपनिरीक्षक संतराम यादव ने बताया कि लाइनमैन की शिकायत पर मौके पर पहुंचकर ट्रांसफार्मर, ट्रैक्टर सहित आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर बुधवार को न्यायलय में पेश किया गया।

### बरही से किशोर का अपहरण

कटनी, यशभारत। बरही थाना अंतर्गत एक किशोर के अपहरण का मामला सामने आया है। सूचना पर पुलिस ने धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक 13 वर्ष 10 माह के किशोर का अज्ञात बदमाश ने अपहरण कर लिया है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को जांच में लिया है।

### जुआ खेलते चार गिरफ्तार

कटनी, यशभारत। कोतवाली पुलिस ने दो स्थानों पर दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार चांडक चौक कटनी नदी के पास दबिश देकर पुलिस ने अभिषेक नामदेव, आयुष जायसवाल को जुआ खेलते पकड़ा है। इसी प्रकार गाटर घाट नदी के पास मुकेश खटीक व मोहम्मद आबिद को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## शहर की सड़कों पर पुलिस का पैदल मार्च

कटनी, यशभारत। सतना से स्थानांनतरित होकर कटनी पहुंची नवागत नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा बीतीशाम कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा व यातायात प्रभारी राहुल पांडे सहित पुलिस बल के साथ सड़कों पर उतरीं। इस दौरान पुलिस ने शहर में पैदल मार्च किया। नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के नेतृत्व में पैदल मार्च कोतवाला थाना से शुरू हुआ और अहिंसा तिराहा, सुभाष चौक, मुख्य मार्ग होते हुए, स्टेशन चौराहा, बरही रोड, ओवर ब्रिज के नीचे, गर्ग चौराहा तक किया गया। इसके बाद सिटी होते हुए कोतवाली थाना में पहुंचकर समाप्त की गई। इस दौरान लोगों को समझाइश व हिदायत दी गई।

### मवेशियों को पुलिस ने कराया मुक्त

कटनी, यशभारत। बरही थाना अंतर्गत ग्राम बुजबुजा के पास से पुलिस ने 95 नग मवेशियों को मुक्त कराया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 6, 6ए/9, 10/11 मप्र गौवंश बध प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार महबूब मुसलमान, परवेज मुसलमान, समीर खान, इमायू मुसलमान 95 नग भैस, बझड़ा, बैल परिवहन कर रहे थे। इन्हें वध करने की नियत से परिवहन करना पाया गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है





# विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति भारत के पास

### सायना इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूम-धाम के साथ संपन्न

**कटनी,यशभारत।** सायना इन्टरनेशनल स्कूल में 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आदित्य कुमार शर्मा प्राचार्य सायना इन्टरनेशनल स्कूल एवं मैनेजैंट प्रतिनिधि रिषि अरोरा के आगमन से हुआ। जिनका स्वागत समन्वयक डॉ. लोकेश दुबे, कमल सरेचा एवं श्रीमती रीत मोंगा ने स्कूल बैंड की सुमधुर ध्वनियों के बीच किया। स्वागतोपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं स्कूल बैंड की सुंदर प्रस्तुति के साथ राष्ट्रगान हुआ । तदोपरान्त मुख्य अतिथि सहित छात्र पदाधिकारियों ने चारों सदनों व एनण्सीण्सी के समूह का निरीक्षण किया। एनसीसी सहित चारों सदनों का मार्च पास्ट अपने शौर्य को प्रदर्शित करते हुए निकला जिसके अभिवादन को प्राचार्य महोदय ने स्वीकार किया। जी 20 समिट की थीम पर चारों सदनों की मनमोहक झाँकियाँ दर्शनीय रहीं। नारी उत्पीडन पर आधारित नुक्कड़ नाटक में छात्रों के अभिनय की खूब सराहना हुई।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विशिष्ट अतिथि के रूप में सायना ग्रुप के वाइस चेयरमैन यश पाठक को अपने बीच पाकर बच्चे बहुत उत्साहित हुए। अतिथियों का स्वागत छात्राओं द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। तदोपरान्त सायना किड्स प्रभारी डॉ. भारती शर्मा सहित अतिथियों ने मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में क्लासिकल डांस एवं हिन्दी गायन के उपरांत विद्यार्थियों आराध्य द्विवेदी व लावण्या गुप्ता के ओजपूर्ण भाषण ने समां बाँध दिया। मुख्य अतिथि डॉ. शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शिक्षा व स्वच्छता के साथ नैतिकता पर जोर देते हुए कहा कि आज भारत की तस्वीर बदल गई है। भारत पहली बार जी.20 की मेजबानी करने जा रहा है।अब हम सैन्य उपकरणों के मामले में न केवल आत्मनिर्भर हो गए हैं बल्कि निर्यात करने में भी सक्षम हैं।विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति भारत के पास है। जिसे नई दिशा देने के लिए कौशल आधारित शिक्षण मील का पत्थर साबित होगा। व्यवसाय के क्षेत्र में नवाचार करते हुए स्आर्टअप का प्रारंभ भी बदलते भारत को दृढ़ कर रहा है। विशिष्ट अतिथि यश पाठक ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह सीखने का समय है और आज भारत के पास सबसे बडी युवा शक्ति है जिस सही दिशा देकर श्रेष्ठ भारत के निर्माण के स्वप्न को साकार किया जा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन अंजली शर्मा, रनवीर राज सिंह, वर्धांशी जैन एवं परी तोतवानी ने किया। इस अवसर पर सायना स्कूल के प्राचार्य सहित तीनों हॉस्टलों के बच्चों ने सायना परिसर में वृक्षारोपण किया । स्कूल कैप्टन सृष्टि त्रिपाठी ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के संयोजक मि. शिवकुमार सिंह ने सभी को धन्यवाद दिया। वंदेमातरम के गायन से कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर सायना की चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठक, पूर्व महापौर एवं सचिव श्रीमती निर्मला सत्येन्द्र पाठक, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, पूर्व राज्यमंत्री मप्र शासन, एम.डी. वरुण गौतम सहित समस्त स्टाफ एवं अभिभावकों ने शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों का किया सम्मान

**कटनी,यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर अमृत वाटिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल, एमआईसी सदस्य रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, शकुन्तला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव, कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, सहायक राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक एवं वार्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार केसीएस शाला में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों का श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मान किया गया। सम्मान किये गये उत्तराधिकारियों में अरविंद गुप्ता, जवाहर गुप्ता, राम किशोर बढई, विजय नामदेव, छंगेलाल नामदेव, अशोक नायक, अनीता वर्मा, मुकुंद गुप्ता, दिनेश वर्मा, घनश्याम बहरे, अनिल जार, सुनील फग्गू सोनी का श्रीफल शाल भेंटकर सम्मान किया गया। सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साधूराम उमा शाला के छात्र दुर्गेश कुशवाहा द्वारा ओ देश मेरे तेरी शान गीत का गायन केसीएस शाला की छात्रा शिवानी द्वारा आरंभ प्रचंड गायन गीत एवं कंचन रजक अंजली चक्रवर्ती मोनिका रजक शिवानी वंशकार द्वारा सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया तथा केसीएस की कृषि बर्मन संगीता बंशकार एवं आराधना रैदास द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल, उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, रणवीर कर्ण, सुरेश सोनी, सत्यनारायण अग्रहरी, गुलाब वेन, एमआईसी सदस्य सुभाष शिब्बू साहू, रमेश सोनी, बीना बैनर्जी, पार्षद शकुन्तला सोनी, प्रभा गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पारसनाथ प्रजापति द्वारा किया गया।



डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

# सीरीज हारने पर टीम की आलोचना आसान लेकिन वेस्टइंडीज में कई पॉजिटिव भी थे: रविचंद्रन अश्विन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय टीम के टी20 सीरीज हारने के बाद जमकर आलोचना हो रही है. स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की कप्तानी और टीम सिलेक्शन पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं. लेकिन टीम के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि आलोचना करना आसान है. लेकिन यहां कई पॉजिटिव चीजें भी भारतीय टीम को मिलीं, उस पर भी ध्यान देना चाहिए. भारत ने इस सीरीज में अपनी युवा टीम उतारी थी जहां उसे सीरीज में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा. इससे पहले टीम इंडिया ने टेस्ट सीरीज 1-0 जबकि एकदिवसीय सीरीज 2-1 से जीती थी. हालांकि अश्विन ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए कैरेबियाई धरती पर खेलना आसान नहीं था.



अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'सोशल मीडिया पर टीम की आलोचना करना बेहद आसान है क्योंकि वे ऐसी टीम से हार गए जिसने पिछले ज्ञ20 वर्ल्ड कप (सुपर 12) और 50 ओवर के वर्ल्ड कप (इस साल होने वाले) के लिए क्वॉलीफाई नहीं किया. सभी देशों के मैदान के कुछ रहस्य होते हैं.'

उन्होंने कहा, 'स्थानीय खिलाड़ी मेहमान टीम के खिलाड़ियों की तुलना में इन छोटी चीजों को कहीं बेहतर जानते हैं विशेषकर तब जब मेहमान टीम के खिलाड़ी युवा हों. जब मैंने पहली बार वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था तो मुझे कई छोटी-छोटी चीजें सीखनी पड़ी थीं.'

अश्विन ने कहा, 'बहुत से युवाओं ने जब पहली बार वेस्टइंडीज का दौरा किया तो उन्होंने बहुत सी चीजें सीखी होंगी. वे क्रिकेटर के रूप में बेहतर बनेंगे. वे निश्चित रूप से बेहतर होंगे.'

उन्होंने कहा, 'जाहिर है सीरीज हारने के बाद, कई लोग आलोचना कर रहे हैं और परेशान हैं. यह ठीक है और समझ में आता है. मुझे लगता है कि यह उचित है. लेकिन हम इस हार को दो दृष्टिकोण से देख सकते हैं. कई खिलाड़ियों ने भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया.' अश्विन ने कुछ युवाओं की प्रशंसा की जिनके बारे में उनका मानना है कि वे भारतीय टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं. उन्होंने युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा की विशेष तौर पर प्रशंसा की जो टी20 इंटरनेशनल सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय रहे. इसके अलावा उन्होंने युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की भी तारीफ की. उन्होंने कहा, 'तिलक वर्मा का एक बल्लेबाज के रूप में उभरना (सकारात्मक है). अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में उसने गेंद से भी कमाल दिखाया. सूर्यकुमार यादव ने टी20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन जारी रखा ङ्क उनकी बेखौफ बल्लेबाजी की.' इस स्पिनर ने कहा, 'शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने हमें चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत दिलाई. जायसवाल ने अपने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में अच्छा नहीं खेला लेकिन इससे परेशान नहीं हुए. उनके दृष्टिकोण ने हमें आश्चर्यचकित कर दिया।

# जितेश शर्मा के सुर्खियों में आने से बढ़ सकती हैं संजू सैमसन की मुश्किलें





**नई दिल्ली, ईएमएस।** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को लेकर राष्ट्रीय चयन समिति का धैर्य जल्द ही जवाब दे सकता है क्योंकि आयरलैंड में टी20 सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जितेश शर्मा की मौजूदगी से राजस्थान रॉयल्स के कप्तान की जगह खतरे में पड़ सकती है. वनडे विश्व कप से पहले होने वाली इस सीरीज को फिटनेस टेस्ट के रूप में देख रहे कप्तान जसप्रीत बुमराह के आयरलैंड दौरे पर गए स्क्वाड में ज्यादातर वही खिलाड़ी है रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में एशियाई खेलों की टीम में जगह मिली है. वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की टी20 सीरीज के तीन मैच में 12, सात और 13 रन की पारियां खेलने वाले सैमसन ने अपनी मुसीबत खुद बढ़ाई है और अगर आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही सीरीज के लिए जितेश को विकेटकीपर और फिनिशर की भूमिका मिलती है तो लोगों को हैरानी नहीं होगी.

29 साल के जितेश आगामी एशियाई खेलों में विकेटकीपर के रूप में भारत की पहली पसंद होंगे. टीम में दूसरे विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह हैं. ऐसे में महत्वपूर्ण प्रतियोगिता से पहले जितेश को कुछ अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने का मौका मिल सकता है. जितेश आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए पांचवें या छठे नंबर पर फिनिशर की भूमिका निभाते हैं..

केएल राहुल अगर टीम में जगह नहीं बना पाते हैं तो सैमसन वनडे विश्व कप में रिजर्व विकेटकीपर की दौड़ में अब भी सबसे आगे चल रहे हैं लेकिन प्रतिभा की कोई कमी नहीं होने के बावजूद इतने सालों में प्रदर्शन में निरंतरता की कमी ने चयनकर्ताओं की चिंता बढ़ा दी है.

विश्व कप में दावेदारी पेश करने के लिए सैमसन को कुछ और मैच मिलेंगे (भले ही दूसरे प्रारूप में) लेकिन क्या टीम का थिंक टैंक दोनों विकेटकीपर को प्लेइंग इलेवन में जगह दे पाएगा. टीम देखकर लगता है कि ऐसा करना आसान नहीं होगा. रुतुराज गायकवाड़ और यशस्वी जायसवाल के पारी का आगाज करने की संभावना है जबकि वेस्टइंडीज में डेब्यू सीरीड में अच्छे प्रदर्शन के बाद तिलक वर्मा एक बार फिर चौथे नंबर पर खेलते हुए नजर आएंगे. सूर्यकुमार यादव की गैरमौजूदगी में तीसरे स्थान पर जगह बनती है. आईपीएल में कई मौकों पर रॉयल्स के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले सैमसन को इस स्थान पर आजमाया जा सकता है. टीम में बड़े शॉट खेलने में सक्षम शिवम दुबे भी हैं जिन्होंने आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से काफी प्रभावित किया. दुबे टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में शामिल हैं. हालांकि जब गेंदबाजी की बात आती है तो वह हार्दिक पांड्या के करीब भी नहीं हैं. उनकी बड़े शॉट खेलने की क्षमता उनको प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने का दावेदार बनाती है. सैमसन अगर सारे मैच खेलते हैं तो जितेश और रिंकू सिंह में से एक को बाहर बैठना होगा.

# आयरलैंड सीरीज से पहले नेट्स पर लौटे: बुमराह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 11 महीनों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार वो समय आ गया जिसका हर भारतीय क्रिकेट फैंस को इंतजार था. भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबा जसप्रीत बुमराह एक बार फिर भारतीय टीम के नेट्स में अपनी घातक यॉर्कर गेंदों की बारिश करते नजर आए. आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम के कप्तान बने बुमराह ने बुधवार को अपने पहले अभ्यास सेशन में हिस्सा लिया, जहां वो अपने साथी बल्लेबाजों को परेशान करते दिखे.



बीसीसीआई के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से पोस्ट किए गए वीडियो में बुमराह को नेट्स में भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करते हुए देखा गया. वीडियो में बुमराह ने पूरे जोश के साथ गेंदबाजी की और अपने घातक बाउंसरों और तेज गति से बल्लेबाजों को परेशान कर दिया. बुमराह के गेंदबाजी अभ्यास वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा गया, ÷जिस पल का हम सब इंतजार कर रहे थे. जसप्रीत बुमराह, जैसे हम उसे हमेशा से जानते हैं.÷

बुमराह पिछले साल अपनी पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण लगातार एक्शन से बाहर थे लेकिन आगामी एशिया कप से पहले उन्होंने फिटनेस हासिल कर ली है.

बुमराह ना केवल डबलिन में होने वाली टी20 सीरीज के साथ भारतीय टीम में वापसी करेंगे बल्कि वो नामित किया गया है, बल्कि वो आयरलैंड दौरे पर भारत की कप्तानी भी करेंगे.

18 अगस्त से सीरीज शुरू होने पर बुमराह को जरूरी मैच प्रैक्टिस करने का मौका भी मिला. जहां फैंस को उनसे ऐसे ही शानदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी. सीरीज के तीनों टी20 मैच डबलिन में खेले जाएंगे।

### भारत के आयरलैंड दौरे का पूरा शेड्यूल

पहला टी20 मैच — भारत 1ह्व आयरलैंड, द विलेज ग्राउंड, मालाहाइड- 18 अगस्त

दूसरा टी20 मैच-भारत 1ह्व आयरलैंड, द विलेज ग्राउंड, मालाहाइड-20 अगस्त

तीसरा टी20 मैच-भारत 1ह्व आयरलैंड, द विलेज ग्राउंड, मालाहाइड-23 अगस्त

भारतीय टी20 टीम-जसप्रीत बुमराह (कप्तान), रुतुराज गायकवाड (उप-कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, शाहबाज अहमद, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, अवेश खान, मुकेश कुमार, रवि बिश्नोई,

**आयरलैंड टी20 टीम-**पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), लोर्कन टकर (विकेटकीपर), मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, फिओन हैंड, जोश लिटिल, बैरी मैक्कार्थी, हैरी टेक्टर, बेन व्हाइट, थियो वैन वोर्कोम, क्रेग यंग

# एशिया कप से पहले पाकिस्तान के तेज गेंदबाज वहाब रियाज ने किया रिटायरमेंट का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज वहाब रियाज ने दुनिया भर में टी20 लीग खेलने के लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया है. 38 साल के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रियाज ने 2008 से 2020 के बीच 27 टेस्ट, 91 वनडे और 36 टी20 मैच खेले हैं. वहाब ने पिछले दो सालों से पाकिस्तान के लिए कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, आखिरी बार वह 2020 में सीमित ओवर फॉर्मेट मैचों में नजर आए थे. वहाब के करियर में एक अप्रत्याशित मोड़ तब आया जब उन्हें इस साल जनवरी में पंजाब प्रांत का कार्यवाहक खेल मंत्री बनाया गया है. हालांकि रियाज संन्यास के बाद भी फ्रेंचाइजी खेलना जारी रखेंगे.उन्होंने ट्विटर पर पोस्ट किया,''एक शानदार सफर के बाद मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, मेरे परिवार, कोचों, मेंटोर, साथी खिलाड़ियों, प्रशंसकों और सभी को शुक्रिया. फ्रेंचाइजी क्रिकेट की दुनिया में आगे का समय रोमांचक होगा.'' उन्होंने लिखा, ''इस पारी के खत्म होने के साथ मैं फ्रेंचाइजी क्रिकेट की नयी पारी शुरू करने जा रहा हूं. उम्मीद है कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलते हुए दर्शकों का मनोरंजन कर सकूंगा.'' एक प्रेस बयान में, रियाज ने कहा, मैं पिछले दो सालों से अपनी रिटायरमेंट योजनाओं के बारे में बोल रहा हूं, कि 2023 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का मेरा लक्ष्य है।

## रंग संसार

# गदर की छप्पर-फाड़ कमाई, फिल्म ने पार किया 250 करोड़ का आंकड़ा



**मुंबई, एजेंसी।** अनिल शर्मा के डायरेक्शन में बनी सनी देओल की फिल्म गदर 2 हरत तरफ से बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई है और फिल्म ने ओपनिंग डे से भी ज्यादा बिजनेस 15 अगस्त को किया था. लीज के महज 6 दिनों में गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस हिला कर रख दिया है. गदर 2 कुछ दिनों पहले 11 अगस्त को रिलीज हुई है. फिल्म ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की और ओपनिंग डे पर 40 करोड़ के साथ खाता खोला. इसके बाद पहले वीकेंड पर ही फिल्म ने 100 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली थी. इस फिल्म ने पांच दिन में ही 200 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.अब फिल्म जल्द ही 300 करोड़ के क्लब में शामिल होने की तैयारी में है. गदर 2 वीकडेज में भी शानदार कलेक्शन कर रही है. इसका बज लंबे समय तक रहने वाला है. अब फिल्म का छठे दिन का कलेक्शन सामने आ गया है. जो वीकडे के हिसाब से काफी अच्छा है.

### अब तक इतनी हुई है गदर की कुल कमाई

शुक्रवार को 'गदर 2' की कमाई- 40.10 करोड़ रुपये, शनिवार को 'गदर 2' की कमाई- 7 फीसदी उछाल के साथ 43.08 करोड़ रुपये, रविवार को 'गदर 2' की कमाई- 20 प्रतिशत उछाल के साथ 51.70 करोड़ रुपये, सोमवार को 'गदर 2' की कमाई- 25 फीसदी गिरावट के साथ 38.70 करोड़ रुपये, मंगलवार को 'गदर 2' की कमाई- 43 फीसदी उछाल के साथ 55.50 करोड़ रुपये, बुधवार यानी छठे दिन की 'गदर 2' की कमाई- 33.50 करोड़ रुपये 'गदर 2' की 6 दिन की कुल कमाई- 262.48 करोड़ रुपये, 'गदर 2' पहले हफ्ते में 290 करोड़ के पार जा सकती है, 'गदर 2' की 6 दिन की कुल कमाई 262.48 करोड़ को चुकी है. फिल्म के गुरुवार को 25 करोड़ का कारोबार करने की उम्मीद है. इसी के साथ ये पहले हफ्ते में 290 करोड़ का कारोबार कर सकती है, जो एक बार फिर से 'पठान' के बाद दूसरा सबसे बड़ा हफ्ता होगा. अब फिल्म के पास 'पठान' के लाइफटाइम बिजनेस को मात देने और अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनने की पूरी संभावना है, क्योंकि फिलहाल अगले हफ्ते भी फिल्म के पास कमाई करने का पूरा मौका है. तीसरे हफ्ते में केवल ड्रीमगर्ल 2 ही कंपटीशन में है. अब देखने वाली बात होगी कि 'गदर 2' का लाइफटाइम कलेक्शन कितना रहेगा.

### बाहुबली और सुल्तान को पीछे छोड़ा

इस आंकड़े के साथ सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर गदर 2 ने प्रभास की बाहुबली 2, सलमान खान की सुल्तान और ऋतिक रोशन की वॉर को भी पीछे छोड़ दिया है. 5 वें दिन बॉलीवुड की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में गदर 2 दूसरे पायदान पर है. इससे ज्यादा शाहरुख खान की पठान ने 58.5 करोड़ की कमाई की थी. गदर 2 बॉलीवुड की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 5 फिल्मों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर है.

# जैकलीन को बड़ी राहत, देश से बाहर जाने की अनुमति मिली

**मुंबई, ईएमएस।** दिल्ली की एक अदालत ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को बड़ी राहत दी है. जैकलीन को देश से बाहर जाने की अनुमति दे दी है. वह अब बिना किसी परमीशन के देश से बाहर जा सकती हैं. कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ दर्ज 200 करोड़ रुपये के मनी लॉड्रिंग मामले में जमानत की शर्तों को संशोधित करते हुए जैकलीन फर्नांडीज को पूर्व अनुमति के बगैर देश से बाहर जाने की अनुमति दे दी है. अदालत ने फर्नांडीज को उसकी पूर्व अनुमति लेने के बजाय देश छोड़ने से कम से कम तीन दिन पहले उसे और प्रवर्तन निदेशालय को सूचित करने का निर्देश दियापिछले साल 15 नवंबर को फर्नांडीज को जमानत देने वाले विशेष न्यायाधीश शैलेन्द्र मलिक ने आदेश में कहा कि पेशेवर अवसरों का लाभ उठाने के लिए अभिनेत्री को अल्पकालिक सूचना पर विदेश यात्रा करने की आवश्यकता है और उन्होंने अब तक जमानत की शर्तों का कभी उल्लंघन नहीं किया है.न्यायाधीश ने 10 अगस्त को पारित एक आदेश में जमानत की शर्त को संशोधित करते हुए कहा कि देश से बाहर जाने से पहले अदालत की पूर्व अनुमति लेना ''आजीविका गंवाने का एक कारण बन सकता है.'' फर्नांडीज को जमानत देते हुए न्यायाधीश ने उन्हें उसकी पूर्व अनुमति के बगैर देश नहीं छोड़ने का निर्देश दिया था. न्यायाधीश ने कहा, ''मौजूदा मामले में, मैंने पाया है कि आरोपी भारतीय फिल्म उद्योग में एक अभिनेत्री हैं और उनहें खास स्थितियों में अक्सर विदेश यात्रा करनी पड़ती है. पेशेवर अवसरों का लाभ उठाने के लिए उन्हें संक्षिप्त सूचना पर देश से बाहर जाना पड़ता है.'' उन्होंने कहा, ''इस तरह की स्थिति में, देश छोड़ने से पहले उसकी पूर्व अनुमति लेना जटिल हो गया है और यह आजीविका गंवाने का एक कारण हो सकता है.'' न्यायाधीश ने कहा कि फर्नांडीज श्रीलंका की नागरिक हैं, लेकिन वह 2009 से भारत में रह रही हैं और उस वर्ष से नियमित रूप से आयकर अदा कर रही हैं. उन्होंने कहा कि ऐसा कोई दृष्टांत नहीं है कि आरोपी ने जमानत की किसी शर्त का उल्लंघन किया हो।



# कियारा आडवाणी ने शादी के बाद पहली रसोई में बनाई थी ये डिश, पति को बताया बेस्ट कुक

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' के सक्सेस को काफी एन्जॉय कर रही हैं. साथ ही एक्ट्रेस अपने शादी को लेकर सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरती हैं. कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ??बी-टाउन के सबसे पसंदीदा कपल में से एक हैं. इस जोड़ी ने अपनी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री और ऑफ-स्क्रीन रोमांस से लाखों लोगों का दिल जीत लिया है. दोनों कपल के फैंस उनके हर अपडेट पर नजर रखते हैं और दोनों पर जमकर प्यार बरसाते हैं. कियारा आडवाणी अपनी शादी को लेकर खूब लाइम लाइट्स में रही है. इसी बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में शादी के बाद की पहली रसोई को लेकर खुलासा किया है और बताया कि पहली रसोई में क्या बनाई थीं. एक्ट्रेस का ये इंटरव्यू सोशल मीडिया सुर्खियों में है.



### कियारा पहली रसोई में क्या बनाई

'एनटीवीटी' के 'जय जवान' शो के दौरान कियारा से उनसे एक जवाब ने पूछा, 'आपने अपनी रसोई में सबसे पहले क्या रेसेपी बनाई थी, शादी के बाद?' इसे सुनते ही पहले कियारा आडवाणी थोड़ा मुस्कुराईं और फिर बोलीं, 'कुछ नहीं बनाया अब तक पानी गर्म करा होगा'. इसके बाद आगे बात करते हुए कियारा ने खुद को खुशकिस्मत कहा और बताया कि सिद्धार्थ बहुत अच्छे कुक हैं. हालांकि शादी के बाद पहली रसोई में सिद्धार्थ ने हलवे की फोटो शेयर कर बताया था कि वह उनकी पत्नी ने बनाया है. मगर कियारा की इन बातों से लगता है कि वो खाना उनके कुक ने बनाया होगा.

### मेरे पति को खाना बनाना पसंद है

कियारा आडवाणी ने अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के बारे में बात करते हुए आगे बताती हैं, 'मैं भाग्यशाली हूं क्योंकि मेरे पति को खाना बनाना पसंद है. तो ज्यादातार वो कुछ बना लेते हैं खुद के लिए और मैं खा लेती हूं. कियारा ने सिद्धार्थ की फेवरेट डिश का भी खुलासा किया और कहा, 'वह वाकई में बहुत अच्छी रोटी बनाते हैं. रोटी बनाना भारी काम है लेकिन वह बहुत अच्छी रोटी बनाते हैं' आपको बता दें कि इस जोड़े ने इसी साल 7 फरवरी को शादी की थी. उनकी शादी की तस्वीरें इंडिया में सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली इंस्टाग्राम पोस्ट हैं. उन्होंने 'शेरशाह' में सिद्धार्थ के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया जहां उनकी लव स्टोरी शुरू हुई थी.

moviemagic
#Magically Refreshed
ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI
9:15 AM 10:15 AM
1:30 PM 3:30 PM
4:45 PM 6:30 PM
7:45 PM 9:30 PM
10:45 PM
M. I. 2D
Hindi 10 AM
BAIPAN BHAARI DEVA
MARATHI
12:30 PM
OPPENHEIMER 2D
English 7 PM
Hindi 1:15 PM 10:30 PM
BARBIE
ENGLISH
4:30 PM
SPECIAL OFFER
ENTIRE DAY ALL SHOWS AT JUST ₹ 95/-
ADVANCE BOOKING OPEN FOR GADAR 2
For Enquiry, Contact: 07612662222

Call for Booking 9755561144
Online Booking visit bookmyshow
INTRODUCING RECLINER
SR CINEMA
ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI
09:00 AM 12:15 PM 03:30 PM
04:00 PM 06:45 PM 07:15 PM
10:00 PM
OPPENHEIMER
09:00 AM 12:30 PM
10:30 PM
SR MALL
Near SBI Chowk Vijaynagar, Jabalpur (MP)

## » न्यूज गैलरी

### सर्पदंश से युवक की मौत

**कटनी, यशभारत।** बरही थाना अंतर्गत कन्नौर गांव में सर्पदंश से एक युवक के मौत का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कन्नौर निवासी 18 वर्षीय लक्ष्मी कोल पिता रमेश कोल को सर्प ने काट लिया। परिजनों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

**JOB OPENING**
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

**यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033**

# वाहन ने होनहार स्कूली छात्रों को कुचला

## दो छात्रों की मौत, विलायतकला मार्ग पर कुसेरा नाका के पास दर्दनाक हादसा

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत विलायतकला मार्ग पर कुसेरा नाका के पास सड़क हादसे में स्लीमनाबाद के दो किशोरों की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर बच्चों को मौत के घाट उतार दिया। बच्चों की मौत से गांव में मातम छाया हुआ है। सूचना पर स्लीमनाबाद पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निजी स्कूल के होनहार मेधावी छात्र स्लीमनाबाद निवासी 16 वर्षीय ओजस दुबे पिता संजय दुबे व 16 वर्षीय आर्यन सिंह पिता सुरेंद्र सिंह की सड़क हादसे में 15 अगस्त मंगलवार को मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आर्यन सिंह और ओजस दुबे को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सम्मानित किया जाना था। परंतु काल की गति उन्हें मौत के द्वार पर ले गई। 10 बजे के करीब स्कूल से बच्चे घूमने के लिए गए और सड़क हादसे ने दोनों ही बच्चों को काल के गाल में समा लिया।



**स्लीमनाबाद में शोक की लहर**

घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि विलायतकला रोड पर कुसेरा नाका के आगे जंगल में अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगों के घायल होने की जानकारी मिली। जानकारी लगते ही परिजन घटनास्थल पहुंचे और गंभीर अवस्था में घायल दोनों बच्चों को लेकर स्लीमनाबाद अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां आर्यन सिंह को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। वहीं गंभीर अवस्था में घायल ओजस दुबे को तत्काल जिला अस्पताल रिफर किया गया। जहां से गंभीर अवस्था को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे गहन उपचार के लिए जबलपुर रिफर कर दिया। बताया जाता है कि जबलपुर पहुंचते ही शाम 4 बजे ओजस दुबे की भी मौत हो गई। एक दिन में हुए दो हादसों से स्लीमनाबाद में शोक की लहर है तथा क्षेत्र में मातम सा माहौल है।

### अच्छे दोस्त थे ओजस और आर्यन

ओजस और आर्यन दोनों ही बचपन के साथी थे। पहली से लेकर अब तक एक ही कक्षा में साथ-साथ रहे। वर्ष 2022-23 के दसवीं परीक्षा परिणाम में दोनों ही बच्चे स्कूल के टॉपर रहे। आर्यन सिंह कक्षा दसवीं में 94 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण हुआ था और ओजस 93 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण हुआ था। इस वर्ष कक्षा ग्यारहवीं साइंस से पढ़ कर रहे थे और एक साथ ही दोनों की मौत हुई। स्लीमनाबाद समाजसेवी संजय दुबे का एकलौता पुत्र ओजस दुबे था। ओजस दुबे की इस घटना के बाद से परिवार में बहुत ही दुख का माहौल है। मंगलवार को आर्यन सिंह तो बुधवार को ओजस दुबे का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में शामिल लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

# महिला की विषपान से संदिग्ध मौत, मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**कटनी, यशभारत।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम परसवारा में जहर पीने से एक महिला की उपचार दौरान मौत हो गई। इस घटना में महिला के मायके वालों ने प्रताड़ना का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम परसवारा निवासी 27 वर्षीय मनीषा पति ओम प्रकाश पटेल ने गतदिवस घर पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर जबलपुर मेडिकल अस्पताल रिफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में मौत हो गई। घटना की जानकारी देते हुए मैहर थाना बदेरा ग्राम मझगवां निवासी मृतिका मनीषा बाई पटेल की मां कल्लू बाई पटेल ने कहा की लगभग 10 वर्ष पूर्व मनीषा का विवाह हुआ था। उसे ससुराल वालों के द्वारा छोटी-छोटी सी बात पर प्रताड़ित किया जाता था। आए दिन मनीषा के साथ मारपीट की जाती थी। ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर गत दिवस मनीषा ने विषपान कर लिया। मृतका की मां ने कहा कि जब मनीषा ने विषपान कर लिया तो ससुराल वालों ने इसकी सूचना तक नहीं दी और चुपचाप लाकर अस्पताल में भर्ती करा दिया। मनीषा की मौत के बाद घटना की जानकारी पुलिस ने मायके वालों को दी। पुलिस ने मृतका का शव परीक्षण कराते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

# खेत में बिछा था बिजली का तार करंट लगने से युवक की मौत

**कटनी, यशभारत।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम डिहूटा स्थित जयप्रकाश के खेत में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रायसेन जिले के देवगांव थाना अंतर्गत ग्राम सकरा निवासी 35 वर्षीय गोलू धाकड़ पिता श्याम सिंह धाकड़ की करंट लग जाने से मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

**डॉ. निशा श्रीवास्तव**
एमबीबीएस एमएस ईएनटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003,
Email:-nisha.drent@gmail.com

**अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल अध्ययन केन्द्र क्रं.570**
**मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम क्रं. 34 वर्ष 2011 के द्वारा स्थापित एवं संचालित राज्य विश्वविद्यालय**
बुनियादी चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ | मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द
योग्यता / Eligibility — 12th पास/स्नातक/स्नातकोत्तर
समय अवधि / Duration — 1 Year
आयु / Age — बंधन नहीं
छात्र अध्ययन के दौरान चिकित्सालय से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।
आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण Diploma/ PG Diploma in Basic Health Care
प्राथमिक चिकित्सा उपचार Diploma in First Aid Treatment
हॉस्पिटल मैनेजमेंट Diploma in Hospital Management
प्राकृतिक फार्मा डिप्लोमा Diploma in Natural Pharma
योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा Diploma in Hospital Management
उत्तीर्ण अभ्यार्थी अपना स्वयं का प्राथमिक चिकित्सा उपचार केन्द्र खोल सकते हैं।
नोट :- 1. समस्त प्रक्रिया आवेदन, प्रवेश शुल्क आदि एमपी ऑनलाईन के माध्यम से होगी।
सिटी अपेक्स कम्प्यूटर राजीवगांधी वार्ड सत्यनारायण मंदिर के सामने, कटनी मो. योगेश पाण्डे 9424961722, कपिल द्विवेदी 9827076651










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं.1 योजना क्रं.6 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीश तिवारी, सलाहकार संपादक श्याम कटारे।
फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)